तामादौ वेणिकां कृत्वा अङ्गुलीभिः समन्ततः ।।
सा विद्या किसलया मुद्रा लौकिकां मन्त्रदेवताम् ।

(म० मू० क०, पृ० 394)

गरुडध्वजा

तथैव हस्तावुत्सृज्य एकहस्तेन मीलयेत् ।
तर्जन्यौ वेष्टयेन्मध्याम् एषा सा गरुडध्वजा ।।

(म० मू० क०, पृ० 397)

10

घटखर्परिका

घटखर्परिका ज्ञेया अनामिकाग्रौ सुनामितौ।
(किसलयायाम्) (म० मू० क०, पृ० 394)

घोरचामुण्डी

सा एव विसृताकारौ उभौ पाणो समाश्रितौ।
ऊर्ध्वमाश्रित्य गता दृष्टिर्घोरा चामुण्डिरुच्यते॥
(सा एव = वज्रचामुण्डो एव) (म० मू० क०, पृ० 398)

जटाबुद्धा

सा एवाङ्गुष्ठपर्यङ्का कुञ्चिताग्राग्र्यविग्रहा।
मध्यवज्रजटामूर्ध्नि जटाबुद्धेति संज्ञिता॥
(त० सं०, पृ० 116)

जया

तदेव हस्तौ विसृज्य जया भवति विश्रुता।
(तदेव = लिङ्गमुद्रैव) (म० मू० क०, पृ० 395)

तारा (सुतारा वा)

तारा सुतारा विज्ञेया एकरूपावुभौ भवेत्।
उत्पलाकारसंन्यस्ता तर्जनीभिः सुसंहृता॥
एकसूचिकमित्येव सम्पुटाकारवेष्टितौ।
तदेव प्रसारितौ हस्तौ तारा भवति घुष्यते॥
(म० मू० क०, पृ० 396)

त्रिलोकविजया

कनिष्ठाग्र्याङ्कुशैर्बन्धेद् वज्रौ द्वावधरोत्तरौ।
समयाङ्कुशमुद्रेयं सर्वमाकर्षयेत् क्षणात्॥
सर्वविद्योत्तमानां तु त्रैलोक्यविजया स्मृता।
(त० सं०, पृ० 70)

त्रिसमया

त्रिसूच्याकारं तथा वज्रमङ्गुलीभिः समाचरेत्।
ज्येष्ठमध्यम अङ्गुल्यौ अङ्गुष्ठैश्च सता न्यसेत्॥

मूर्घ्नि स्थाने ततः कृत्वा अपसव्येन भ्रामयेत् ।
एषा मुद्रवरा श्रेष्ठा प्रयुक्ता सर्वकर्मसु ॥
(म० मू० क०, पृ० 389)

नागमुखी

तथैवाङ्गुलिमध्यस्थौ सूच्याग्रं तु सुमीलितौ ।
भवेन्नागमुखी मुद्रा प्रकृष्टा सर्वकर्मसु ॥
(तथैव = नागीवदेव) (म० मू० क०, पृ० 399)

नागी

तथैव हस्तौ संन्यस्य स्वकुण्डलाभोगवेष्टितौ ।
अङ्गुलीभिः समन्ताद्वै मुद्रा नागीति गीयते ॥
(म० मू० क०, पृ० 399)

नृत्यपद्मिनी

वज्राङ्गुलिं समाधाय वामदक्षिणतस्तथा ।
नृत्यं सलीलवलिता मूर्घ्निस्था नृत्यपद्मिनी ॥
(त० सं०, पृ० 117)

पटही

पटही तु भवेत् सैव मध्यमाङ्गुलिनामितौ ॥
(सा = किसलया एव) (म० मू० क०, पृ० 394)

पद्मबाणा

समाञ्जलिं समाधाय वलिताङ्गुष्ठकुञ्चिता ।
तर्जन्या तर्जनीं गृह्याकर्षयेत् पद्मबाणया ॥
(त० सं०, पृ० 116)

पद्मबुद्धा

वज्रबन्धं दृढीकृत्य समुत्तानं तु बन्धयेत् ।
समाङ्गुष्ठकृता पद्मे पद्मबुद्धेति कीर्तिता ॥
(त० सं०, पृ० 116)

पद्मभृकुटि

समाञ्जलिं दृढीकृत्य कुञ्चिताग्र्या मुखस्थिता ।
कनिष्ठाभ्यां तु विकचा पद्मभृकुटिरुच्यते ॥
(त० सं०, पृ० 116)

पद्ममाला

तदेव विसृताङ्गुल्यौ पद्ममाला तु सा भवेत् ।
(तदेव = वज्रमालावदेव) (म० मू० क०, पृ० 397)

पद्ममुष्टिः

वज्रमुष्टिं द्विधाकृत्य कुञ्चयित्वा तु मध्यमे ।
स्वाङ्गुष्ठपृष्ठनिहिते पद्ममुष्टिरुदाहृता ॥
(त० सं०, पृ० 117)

पद्मयक्षिणी

वज्राञ्जलिं दृढीकृत्य गुह्यमक्ष्यप्रयोगतः ।
प्रसारिताञ्जलिपुटा मुखस्था पद्मयक्षिणी ॥
(त० सं०, पृ० 117)

पद्मरत्नध्वजाग्री

समाञ्जलिं दृढीकृत्य तर्जनीभ्यां मणीकृता ।
पद्मरत्नध्वजाग्री तु मूर्ध्नि बाहुप्रसारिता ॥
(त० सं०, पृ० 116)

पद्मसूर्या

वज्रबन्धं दृढीकृत्य हृदये तु प्रसारयेत् ।
पद्मसूर्येति विख्याता सर्वाङ्गुलिसुमण्डला ॥
(त० सं०, पृ० 116)

पाण्डरा

पाण्डरा तु भवेन्मुद्रा मुष्टिभिः संप्रपीडितैः ।
महाप्रभावा महापुण्या तर्जन्यावुच्छ्रितावुभौ ॥
(म० मू० क०, पृ० 396)

बुद्धासना

उभौ हस्तौ समौ कृत्वा अञ्जल्याकारमाश्रितौ ।
कुर्यादविकासितौ चाग्रे उभावङ्गुष्ठनामितौ ॥
मध्यमाङ्गुलिमाश्लिष्टौ कुण्डलाकारचिह्नितौ ।

पर्यङ्केनोपविष्टे तु नाभिदेशे तदा न्यसेत्।
एष मुद्रावरः श्रेष्ठः सर्वकर्मसु योजयेत्॥
(म० मू० क०, पृ० 386)

ब्राह्मी

ब्राह्मी तु भवेन्मुद्रा उभावङ्गुष्ठमिश्रितौ॥
(महामुद्रायामेव) (म० मू० क०, पृ० 398)

भृकुटी

तदेव हस्तौ संमिश्र्य संपुटाकारवेष्टितौ।
तर्जनीभिस्ततो कृत्वा नेत्राकारं तु पीडयेत्॥
भृकुटी मुद्रवरा ख्याता महाभयहरी सदा।
(म० मू० क०, पृ० 396)

मध्यपद्मा

अङ्गुष्ठवज्राग्राभ्यामङ्कुशं खड्गमेव च।
अन्त्यद्वयविकासा च मध्यानामाग्रकुड्मला॥
(त० सं०, पृ० 116)

महामुद्रा

तथैव हस्तौ संयम्य मुष्टिमादौ प्रकल्पयेत्।
विसृतौ मध्यमौ ज्ञेयावीषत् संकुचिताथ सूचितौ॥
महामुद्रा इति ख्याता मुद्रा सा भयसूदिनी।
(म० मू० क०, पृ० 398)

महायक्षी

उभौ हस्तौ तदा न्यस्य संपुटाकारवेष्टितौ।
कुर्यात् त्रिसूचिकाकारमङ्गुष्ठौ कन्यसमध्यमौ॥
अन्योन्यसंश्लिष्टौ चतुर्भिश्चाप्यथ नामितौ।
कुर्यान्मुद्रवरं ह्युक्तं शिरःस्थाने तु संस्थितम्॥
(म० मू० क०, पृ० 388)

माला

तथैव हस्तौ संन्यस्य अङ्गुलीभिः समन्ततः ।
वेणिकाकारं बद्ध्वा वै मुष्ट्याकारं तु कारयेत् ॥
तथैव सम्पुटाकारौ अङ्गुष्ठौ मध्यनामितौ ।
सा भवेन्मालामुद्रा वै सर्वकर्मार्थसाधनी ॥
(म० मू० क०, पृ० 399)

माहेश्वरी

सा भवेन्माहेश्वरी मुद्रा उभौ कन्यसमुच्छ्रितौ ।
(महामुद्रायामेव) (म० मू० क०, पृ० 398)

मुष्टिः

सैवाङ्गुलिमुत्सृज्य उभौ हस्तौ प्रयोजिता ।
मुष्टिमुद्रावरेत्याहुः पिशिताशननाशिनी ॥
(सैव = मुष्टिवरैव) (म० मू० क०, पृ० 399)

मुष्टिवरा

दक्षिणं करमुद्यम्य मुष्टियोगेन चाश्रयेत् ।
मुद्रा मुष्टिवरेत्याहुः सर्वमन्त्रविचूर्णिनी ॥
(म० मू० क०, पृ० 396)

यमला

तदेव सम्पुटाकारं विपर्यस्ताकारचेष्टितम् ।
सा भवेद् यमलमुद्रा तु गरुत्मस्यापि महामते ॥
(तदेव = सुपर्णीवदेव) (म० मू० क०, पृ० 395)

रजनी

नाभिस्थाने तदा न्यस्य अपसव्येन भ्रामयेत् ।
रजनी मुद्रावरा ह्येषा दुष्टसत्त्वनिवारिणी ॥
(म० मू० क०, पृ० 395)

लिङ्ग०

तथैव हस्तौ संन्यस्य मुष्टियोगेन योजितौ ।
उभयाङ्गुष्ठमध्यस्थौ लिङ्गमुद्रेति गीयते ॥
(तथैव = यमलमुद्रावदेव) (म० मू० क०, पृ० 395)

लोचना

तदेव हस्तौ संन्यस्य अञ्जल्याकारकारितौ ।
तर्जन्या मिश्रितौ श्रेष्ठौ तृतीये पर्वणि स्थिते ॥
(तदेव = तारावदेव) (म० मू० क०, पृ० 396)

लोहिता सुलोहिता च

समौ मुष्टितलौ ज्ञेयाङ्गुष्ठोत्तमनामितौ ।
लोहितामुद्रामित्याहुर्मध्यनामिता सुलोहिता ॥
(म० मू० क०, पृ० 397)

वक्त्रा अर्धवक्त्रा च

वक्त्रार्धवक्त्रिका ज्ञेया उभौ पाणितले समे ।
संन्यस्ताङ्गुलिमग्रे तु तर्जन्याङ्गुलिमुच्छ्रिता ॥
मुद्रा वक्त्रमिति ज्ञेया अर्धवक्त्रा तु कन्यसे ।
(म० मू० क०, पृ० 397)

वज्रं

तदेव विस्तृतौ हस्तौ त्रिसूच्याकारवेष्टितौ ।
सा भवेत् वज्रमुद्रा तु मुद्रा श्रेष्ठतमा हिता ॥
(म० मू० क०, पृ० 397)

वज्रचामुण्डी

उभौ तर्जन्याकारतः क्षिप्तौ वज्रचामुण्डिरुच्यते ।
(म० मू० क०, पृ० 398)

वज्रधरा वाराही

तदेव हस्तावुत्सृज्य नृत्ययोगं समाश्रयेत् ।
वामबाहुस्तदा नित्यं उभयाग्रं प्रकल्प्यते ॥
दक्षिणं भुजमाश्रित्य तर्जन्याकारवेष्टितम् ।
एषा वज्रधरा नित्यं वाराहीति प्रकल्प्यते ॥
(तदेव = माहेश्वरीवदेव) (म० मू० क०, पृ० 398)

वज्रवक्त्रा

चतुर्थी तु महामुद्रा वज्रवक्त्रेति गीयते ।
उत्तानौ हस्ततलौ न्यस्य वेणिकाकारसंभवौ ॥

वक्षःस्थाने तथा न्यस्य मध्याङ्गुल्यां सुसूचितौ ।
एषा मुद्रा महामुद्रा वरा यक्षवरे हिता ॥
(म० मू० क०, पृ० 393)

वज्रशिरा

तथैव हस्तावुद्वर्त्य श्वेतचन्दनकुङ्कुमैः ।
तथैव सम्पुटाकारौ कुड्मलाकारवेष्टितौ ॥
शिरःस्थाने तथा न्यस्तौ तथा चापि सुसंस्थितौ ।
सा तु वज्रशिरा ज्ञेया महामुद्रा हि सा विभोः ॥
(म० मू० क०, पृ० 392)

वज्रालया

तथैव हस्तौ संन्यस्य नाभिस्थाने तु कारयेत् ।
तर्जन्या कुञ्चितौ कृत्वा अङ्गुष्ठाग्रे तु नामयेत् ॥
तृतीये पर्वमाश्लिष्य कन्यसौ च सुसंस्थितौ ।
बद्ध्वा च वेणिकाकारां शेषैरङ्गुलिभिस्तथा ॥
एषा वज्रालया नाम महामुद्रा प्रगीयते ।
(म० मू० क०, पृ० 393)

वज्रोद्भवा

तृतीया वज्रोद्भवा नाम ललाटस्थाने तु सा भवेत् ।
संन्यस्ताञ्जलिसंपूर्णा ध्रुवौ मध्येष्वनामिकौ ॥
एषा वज्रोद्भवा नाम वज्रपाणेऽर्थसाधिका ।
(म० मू० क०, पृ० 393)

विजया

विजया भवति मुद्रा कन्यसाङ्गुलिवेष्टितौ ।
(म० मू० क०, पृ० 395)

विश्वपद्मा

वज्राञ्जलिं समाधाय सममध्योत्थिता तथा ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठविकचा विश्वपद्मेति विश्रुता ॥
(त० सं०, पृ० 116)

विष्णु०

तथैव सूच्यग्रौ तौ हस्तौ सुव्यक्तमीलितौ ।
एषा विष्णुरिति ख्याता मुद्रा सर्वत्र पूजिता ॥
(तथैव महामुद्रावदेव) (म० मू० क०, पृ० 398)

शङ्ख०

उत्थिताङ्गुष्ठमध्यस्थौ तदेव शङ्खमुच्यते ।
(तदेव लिङ्गमुद्रैव) म० मू० क०, पृ० 395)

शत्रुञ्जयो

तथैव पुरतः स्थित्वा उभौ पाणी समाश्रयेत् ।
समाश्लिष्टौ च तौ कृत्वा अञ्जल्याकारमाश्रितौ ॥
अङ्गुष्ठयुगले क्षिप्रं तर्जन्यौ संन्यसेदुभौ ।
कुण्डलाकारसंश्लिष्टौ तृतीये पर्वमाश्रयेत् ॥
एषा अर्थकरी मुद्रा द्वितीया कथिता जनैः ।
(म० मू० क०, पृ० 387)

शल्यहरी

उभौ हस्तौ समायोज्य विपरीताकारसंभवम् ।
समौ व्यक्तौ अञ्जल्याकारौ हृदयस्थाने तु संन्यसेत् ॥
एषा मुद्रा महामुद्रा सर्वानर्थनिवारणी ।
(म० मू० क०, पृ० 387)

श्रीसम्पुटा

सैवमुच्छ्रिता ग्रीवे श्रीसम्पुटमुच्यते ।
(सैव = सुमेखलेव) (म० मू० क०, पृ० 395)

श्वेता

एवं मुद्रवरेत्याहुर्मध्यमाङ्गुल्यैः सुनामितैः ।
श्वेताया अभ्रमुद्रा वै करैश्चात्र प्रसारितैः ॥
(म० मू० क०, पृ० 396)

संकुला

तथैव हस्तौ संन्यस्य वेणिकाकारसंभवौ ।
संपीडितौ विपर्यस्तौ मुद्रा भवति संकुला ॥
(म० मू० क०, पृ० 397)

सप्तच्छदा

तथैवाङ्गुलिभिर्नित्यं उच्छ्रितैः सप्तभिः सदा।
सा तु सप्तच्छदा मुद्रा त्रिषु लोकेषु गीयते ॥
(म० मू० क०, पृ० 399)

सम्पुटा

तदेवमधस्तलौ न्यस्तौ मुद्रा भवति सम्पुटा।
(म० मू० क०, पृ० 39?)

सर्वत्रादर्शनी

नृत्ययोगेन स्थित्वा वै ऊर्ध्वं पश्येच्च जापिनः।
ललाटमङ्गुली न्यस्य तर्जन्या कन्यसान्वितम् ॥
कृत्वा वै नेत्रयोगेन स्थितकोऽञ्जलिना न्यसेत्।
सर्वत्रादर्शनी नाम यथोक्ता सर्वज्ञदर्शिना ॥
(म० मू० क०, पृ० 399)

सर्वमातरी

तदेव हस्तौ विन्यस्य सूच्याग्रं तु मीलयेत्।
विसृतैरङ्गुलीभिश्च इयं मुद्रा सर्वमातरो ॥

साधुपद्मा

समाञ्जलिं तथोत्तानां बन्धयेत् साधुमुद्रया।
साधुकारां प्रददाति साधुपद्मेति कीर्तिता ॥
(म० मू० क०, पृ० 116)

सितातपत्रा

तदेव सम्पुटं चाग्र्या छत्राकारसंज्ञकम्।
विकास्याङ्गुलीः सर्वाः सितातपत्रेति संज्ञिता ॥
(म० मू० क०, पृ० 390)

सुकुन्ता कुन्ता च

सा तु संकुचिता ज्ञेया अङ्गुल्यग्रौ सुकुञ्चितौ।
मुद्रा सुकुन्ता विज्ञेया कुन्ता चैव प्रसारितैः ॥
(सा = मुष्टिमुद्रा)

(म० मू० क०, पृ० 396)

सुपर्णी

तथैव योजिता सर्वा अङ्गुल्याग्राग्रसारिता ।
एषा सुपर्णिने मुद्रा सुपर्णीति प्रगीयते ॥
(तथैव = वज्रमुद्रावदेव)

(म० मू० क०, पृ० 394)

सुमनसा

सैव सुमनसा ज्ञेया कन्यसाङ्गुलिनामिता ।
(सैव = किसलयैव)

(म० मू० क०, पृ० 394)

सुमेखला मेखला च

तथैव हस्तौ संयम्य नाभिदेशे समानयेत् ।
मध्यमाङ्गुल्यतः सूच्या वेणिकाकारं वेष्टयेत् ॥
सुमेखला च सा मुद्रा उद्दिष्टा भवति मेखला ॥

(म० मू० क०, पृ० 395)

हयग्रीवा

वज्रबन्धं दृढीकृत्य सन्धयेत् तर्जनीद्वयम् ।
संकोचात् पुरतः सन्धेद् हयग्रीवेति संज्ञिता ॥

(त० स०, पृ० 7)

हंसमाला

उभौ हस्तौ समायुक्तौ वेणिमाश्रित्य मध्वजौ ।
हंसमालेति मुद्रेयं नाम्ना सर्वत्र गीयते ॥

(म० मू० क०, पृ० 397)

———

पंचतथागत ज्ञान

—बनारसी लाल—

[बौद्ध तान्त्रिक वाङ्मय एवं महायान शास्त्रों में पञ्चबुद्ध तथा इनसे उपलक्षित मुद्रा, वर्ण, स्कन्ध, ज्ञान, देवी, चिह्न आदि विषयों का विस्तार से वर्णन मिलता है। प्रस्तुत निबन्ध में पञ्चबुद्धों की परिकल्पना पर ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य से विचार किया गया है। विशेष रूप से पञ्चतथागतों के ज्ञान के स्वरूप, लक्षण आदि का विवेचन किया गया है।]

बौद्ध तन्त्र-साहित्य ही नहीं, अपि तु महायान शास्त्रों में भी पञ्चबुद्ध तथा इनसे उपलक्षित विभिन्न लक्षण एवं इनके ज्ञान का सविस्तर वर्णन उपलब्ध होता है। अनुसन्धाताओं तथा विद्वानों ने इन्हें पञ्चध्यानीबुद्ध तथा पञ्चतथागत के रूप में भी वर्णित किया है। बौद्ध संस्कृत साहित्य में पञ्चबुद्धों का वर्णन कब से प्राप्त होता है, ऐतिहासिक दृष्टि से इसका समय बता पाना दुरूह कार्य है। वज्रयान या तन्त्रयान के इतिहास के प्रसंग में विद्वानों ने प्रायः यह माना है कि आर्यमञ्जुश्रीमूलकल्प गुह्यसमाजतन्त्र से प्राचीन है और वे यह बताते हैं कि पञ्चबुद्धों का वर्णन मञ्जुश्रीमूलकल्प में उपलब्ध नहीं है, परन्तु गुह्यसमाजतन्त्र में इनका वर्णन आया है। आधुनिक विद्वान् इन दोनों तन्त्रों के रचयिताओं के सम्बन्ध में भी शंका करते हैं। कुछ विद्वान् यह स्वीकार करते हैं कि गुह्यसमाजतन्त्र आर्य असंग द्वारा रचित है। आर्य असंग की अन्य कृतियों में भी तान्त्रिक विषयों का सन्निवेश हमें प्राप्त होता है। यथा महायानसूत्रालंकार में—

मैथुनस्य परावृत्तौ विभुत्वं लभ्यते परम्।
बुद्धसौख्यविहारेऽथ दाराऽसंक्लेशदर्शनम्॥

(म० सू०, पृ० 44)

इसी प्रकार पञ्चबुद्धों में चार बुद्ध एवं उनके ज्ञानों का विवरण भी महायानसूत्रालंकार में मिलता है (पृ० 48-49 मिथिला संस्करण)।

हम कह सकते हैं कि बौद्ध साहित्य में तीसरी-चौथी शताब्दी से पञ्चबुद्धों की परिकल्पना प्रारम्भ हुई, जिसका पल्लवन परवर्ती तन्त्रसाहित्य के ग्रन्थों में प्रचुर मात्रा में मिलता है। तन्त्रसाहित्य में मञ्जुश्रीनामसंगीति एक प्रमुख ग्रन्थ है, जिसमें पञ्चबुद्धों के ज्ञानों के द्वारा समस्त तन्त्रों को विभाजित कर संगायन किया गया है। ये पांच ज्ञान हैं— 1 सुविशुद्ध धर्मधातु-ज्ञान, 2. आदर्श ज्ञान, 3. समता ज्ञान, 4. प्रत्यवेक्षणा ज्ञान और 5. कृत्यानुष्ठान ज्ञान।

जिस प्रकार महायान एवं थेरवादी परम्परा में विश्व के समस्त धर्मों को पञ्चस्कन्ध, द्वादश आयतन और अष्टादश धातुओं के अन्तर्गत माना जाता है, उसी प्रकार तन्त्र साहित्य में पञ्चबुद्ध एवं पञ्चज्ञान के अन्तर्गत सबका समावेश माना गया है। ये पञ्चस्कन्ध के प्रतीक भी हैं। समस्त जगत् को यहां पञ्चबुद्धात्मक माना जाता है—

पञ्चबुद्धात्मकु सर्वंजगोऽयं........(गुह्येन्द्रतिलक)

पुद्गल पञ्चस्कन्धों का समूह है। तन्त्र-ग्रन्थों के अनुसार यह पञ्चबुद्धों का भी समूह है, क्योंकि पञ्चबुद्ध ही पञ्चस्कन्धात्मक भी हैं। गुह्यसमाज तन्त्र में कहा है कि संक्षेप में पञ्चस्कन्ध ही पञ्चबुद्ध हैं—

पञ्चस्कन्धाः समासेन पञ्चबुद्धाः प्रकीर्तिताः।

(गु० स०, पृ० 137)

इन्द्रभूतिपाद अपने ग्रन्थ ज्ञानसिद्धि में कहते हैं कि पञ्चबुद्ध स्वभाव होने के कारण ही पञ्चस्कन्ध जिन, अर्थात् बुद्ध हैं—

पञ्चबुद्धस्वभावत्वात् पञ्चस्कन्धा जिनाः स्मृताः।

(ज्ञा० सि० 2.1)

साधनमाला में भी पञ्चस्कन्ध को ही पञ्चतथागत स्वरूप मानकर भावना करने के लिये कहा है—

पञ्चस्कन्धाः पञ्चतथागत स्वरूपा भाव्यन्ते।

कालचक्र तन्त्र में कहा है—

यस्मिन् वै जातिरूपं व्रजति निधनतां तन्महारूपमुक्तं
यस्यां संसारदुःखं व्रजति निधनतां सा महावेदनोक्ता।
यस्यां संसारसंज्ञा व्रजति निधनतां सा महावज्रसंज्ञा
यस्यां संसारवृद्धिर्व्रजति निधनतां वज्रसंस्कार एव॥
यस्मिन् निद्राद्यवस्था व्रजति निधनतां तच्च विज्ञानमुक्तम्

(5.102–103)

महायानसूत्रालंकार में सुविशुद्ध धर्मधातुज्ञान को छोड़कर शेष चार ज्ञानों का वर्णन है। ये हैं—आदर्श, समता, प्रत्यवेक्षणा और कृत्यानुष्ठान। वहां आदर्श ज्ञान को अचल और शेष तीनों को तदाश्रित बताया गया है—

आदर्शज्ञानमचलं त्रयज्ञानं तदाश्रितम्।
समताप्रत्यवेक्षायां कृत्यानुष्ठान एव च॥

(म० सू० 9.67)

बौद्ध तन्त्रसाहित्य में पञ्चबुद्धों से सम्बद्ध अनेक विषयों का, जैसे—मुद्रा, वर्ण, स्कन्ध, ज्ञान, देवी, चिह्न इत्यादि का विस्तार से विवरण प्राप्त होता है। प्रस्तुत निबन्ध में उनमें से पञ्च तथागतों के ज्ञान के स्वरूप, लक्षण इत्यादि का विवेचन किया जा रहा है।

1. आदर्श ज्ञान

आकाश की भाँति निराधार, व्यापक और लक्षणरहित धर्मकाय को आदर्श ज्ञान कहा गया है। जैसे दर्पण में प्रतिबिम्ब दिखलाई देता है, उसी प्रकार आदर्श ज्ञान के उत्पन्न होने पर धर्मकाय प्रतिबिम्बित होता है। नामसंगीति की टिप्पणी अमृतकणिका में मूलतन्त्र का निम्न-लिखित श्लोक उद्धृत किया है, जिसमें आदर्श ज्ञान को शून्यभाव का समूह तथा कल्पना रूप से वर्जित बतलाया है—

शून्यभावसमूहोऽयं कल्पनारूपवर्जितः।
दृश्यते प्रतिसेनेव कुमार्या दर्पणे यथा॥

आदर्श ज्ञान ही धर्मकाय का ज्ञान है। जिस प्रकार आदर्श में अपना प्रतिबिम्ब दिखलाई पड़ता है, उसी प्रकार आदर्श ज्ञान में धर्मकाय प्रतिबिम्बित होता है—

धर्मकायमिदं ज्ञेयमादर्शज्ञानमित्यपि॥
प्रतिबिम्बं यथाऽऽदर्शे स्वकीयं दृश्यते ध्रुवम्।
धर्मकायं तथा ज्ञानं दृश्येतादर्शसंस्थितम्॥

(ज्ञा० सि० 1.48-49)

आचार्य पद्मवज्र गुह्यसिद्धि में कहते हैं कि यह ज्ञान बुद्धों के लिये भी अविज्ञेय है, यह अपर्यन्त गुणों को पैदा करनेवाला है। इस प्रकार के ज्ञान को आदर्श ज्ञान की संज्ञा दी गई है—

बुद्धानामप्यविज्ञेयमपर्यन्तगुणोद्भवम्।
ज्ञानं तदुच्यते ह्यत्र श्रीमदादर्शसंज्ञितम्॥

(गु० सि० 4.17)

महायानसूत्रालंकार में इसका स्वरूप अपरिच्छिन्न, सदानुगम और सभी प्रकार के ज्ञेयों में असंमूढता के रूप में मिलता है। यह ज्ञान सभी ज्ञानों का निमित्त होने के कारण महाज्ञानाकर के सदृश है—

आदर्शज्ञानमिदमपरिच्छिन्नं सदानुगम्।
सर्वज्ञेयेष्वसंमूढं न च तेष्वामुखं सदा॥
सर्वज्ञाननिमित्तत्वान्महाज्ञानाकरोपमम्।
संभोगबुद्धता ज्ञानप्रतिबिम्बोदयाच्च वै॥

(म० सू० 9.68-69)

2. समता ज्ञान

समस्त जगत् स्वप्न, कल्पना और प्रतिबिम्बवत् है। अहंकार, ममकार रहित शून्यता की भावना, अर्थात् सर्वधर्मनैरात्म्य की भावना ही समता ज्ञान है। इसके उत्पन्न होने पर इस ज्ञान से प्राणियों एवं स्व में एक समानता का बोध होता है। जैसे ज्ञानसिद्धि में कहा है—

सर्वताथागतं ज्ञानमात्मनः प्राणिनामपि।
एकस्वभावसम्बोधौ समताज्ञानमुच्यते॥

(ज्ञा० सि० 1.50)

मूलतन्त्र में इसका स्वरूप बताते हुए कहा है कि सभी वस्तुओं में समता या एकत्व का भाव उत्पन्न होता है और सभी एक भाव अक्षर में स्थित होते हैं। यह अक्षर ज्ञान न शाश्वत है, न उच्छेद —

सर्वभावसमो भूत्वा एको भावोऽक्षरः स्थितः।
अक्षरज्ञानसम्भूतो नोच्छेदो न च शाश्वतः॥

पद्मवज्र गुह्यसिद्धि में कहते हैं कि ज्ञान में जो रूप निरूपित होता है, वह निःस्वभाव होता है। इस तरह के ज्ञान को समता ज्ञान कहा जाता है—

यस्मिन्निरूप्यते ज्ञाने तद्रूपं युक्तियोगतः।
निःस्वभावस्वरूपेण समताज्ञानं तदुच्यते॥

(गु० सि० 4.18)

महायानसूत्रालंकार में कहा है कि जब अभिसम्बोधि के काल में बोधिसत्त्व को सभी प्राणियों के सम्बन्ध में जो समता ज्ञान होता है, उसे वे अपनी भावना की विशुद्धि से प्राप्त करते हैं और बोधि प्राप्त करने के बाद निर्वाण में प्रतिष्ठित होना नहीं चाहते, तो उस स्थिति के ज्ञान को समता ज्ञान कहा जाता है—

सत्त्वेषु समताज्ञानं भावनाशुद्धितोऽमलम्।
अप्रतिष्ठितमाविष्टं समताज्ञानमिष्यते॥

(म० सू० 9.70)

3. प्रत्यवेक्षणा ज्ञान

प्रत्यवेक्षणा ज्ञान आदिशुद्ध, अनुत्पन्न तथा अनाविल है। सभी संज्ञात्मक वर्ण अकार-कुलोत्पन्न हैं और अकार सभी वर्णों में अग्र है। मूलतन्त्र के श्लोक को उद्धृत करते हुए अमृत-कणिका में कहा है—

सर्वसंज्ञात्मका वर्णा अकारकुलसम्भवाः ।
महाक्षरपदप्राप्ता न संज्ञा न च संज्ञिनः ॥

ज्ञानसिद्धि मे आचार्य इन्द्रभूतिपाद कहते हैं कि यह ज्ञान आदिशुद्ध, अनुत्पन्न और प्रकृतिप्रभास्वर है—

आदिशुद्धमनुत्पन्नं प्रकृत्यैव प्रभास्वरम् ।
अन्योन्यव्यापकज्ञानात् प्रत्यवेक्षणकं स्मृतम् ॥
(ज्ञा० सि० 1.51)

गुह्यसिद्धि में इसे तथागतों से युक्त कहा है—

शुद्धमनाविलं यत् तत् सर्वं ताथागतान्वितम् ।
उच्यते तु समासेन ज्ञानं तत् प्रत्यवेक्षणा ॥ (गु० सि० 4.25)

महायानसूत्रालंकार में आर्य असंग प्रत्यवेक्षणा ज्ञान को बताते हुए कहते हैं कि यह ज्ञान सभी प्रकार के ज्ञेयों में अव्याहत गति वाला है, सभी प्रकार के संशयों का विच्छेद करता है और महाधर्म का वर्षण करता है—

प्रत्यवेक्षणकं ज्ञानं ज्ञेयेष्वव्याहतं सदा ।
धारणीनां समाधीनां निधानोपममेव च ॥
परिषन्मण्डले सर्वविभूतीनां निदर्शकम् ।
सर्वसंशयविच्छेदि महाधर्मप्रवर्षकम् ॥ (म० सू० 9.72-73)

4. कृत्यानुष्ठान ज्ञान

सभी लोकों में बुद्धकृत्यों और नाना चर्याओं के द्वारा सत्त्वों का हित सम्पादन करने वाला ज्ञान कृत्यानुष्ठान ज्ञान कहलाता है। ज्ञानसिद्धि में कहा है—

सर्वत्र सर्वदा सर्वं बुद्धकृत्यप्रवर्तनम् ।
सर्वबुद्धैककार्यत्वात् कृत्यानुष्ठानमुच्यते ॥ (ज्ञा० सि० 1.52)

कृत्यानुष्ठान ज्ञान की विशेषता बताते हुए आचार्य पद्मवज्र कहते हैं कि यह ज्ञान परम निर्मल है। जिसमें तथागत एवं उनको मुद्राएं स्थित होती हैं—

कृत्यानुष्ठानज्ञानं तदुच्यते निर्मलं परम् ।
मुद्रापि स्थीयते यस्मिन् जिनानां यत्र संभवः ॥ (गु० सि० 4.31)

अमृतकणिका नामसंगीतिटिप्पणी में मूलतन्त्र के निम्नलिखित वचन को उद्धृत किया है। इसमें बताया गया है कि इस ज्ञान के होने पर सभी धर्मों की संस्काररहितता और अनुत्पन्नता को जान लेते हैं—

अनुत्पन्नेषु धर्मेषु संस्काररहितेषु च।
न बोधिर्नैव बुद्धत्वं न सत्त्वो नैव जीवितम् ॥

कृत्यानुष्ठान ज्ञान सभी धातुओं में विभिन्न निर्माणों के द्वारा सत्त्वार्थ सम्पादन करते हैं। जैसा कि महायानसूत्रालंकार में कहा है—

कृत्यानुष्ठानताज्ञानं निर्माणैः सर्वधातुषु।
चित्राप्रमेयाचिन्त्यैश्च सर्वसत्त्वार्थकारकम् ॥
कृत्यनिष्पत्तिभेदैश्च संख्याक्षेत्रैश्च सर्वदा।
अचिन्त्यं बुद्धनिर्माणं विज्ञेयं तच्च सर्वथा ॥

(म० सू० 9.74-75)

5. सुविशुद्ध ज्ञान

दोनों आवरणों से—क्लेशावरण और ज्ञेयावरण से जो सदा मुक्त हो, वज्रसत्त्व के ऐसे ज्ञान को सुविशुद्ध ज्ञान कहा गया है—

क्लेशज्ञेयावृतं सर्वं यदा मुक्तं भवेत् तदा।
सुविशुद्धमिति ख्यातं वज्रिणां वरयोगिनाम् ॥

(ज्ञा० सि० 1.53)

मूलतन्त्र में इसे शुद्ध, अनाविल, विज्ञानधर्मतातीत और प्रकृतिप्रभास्वर कहा है—

विज्ञानधर्मतातीता ज्ञानशुद्धा ह्यनाविलाः।
प्रकृतिप्रभास्वरा धर्मा धर्मधातुर्गतिं गताः ॥

यह ज्ञान शुद्ध, आदिमध्यान्त निर्मल, आकाश की भाँति सर्व लक्षणों से रहित है। गुह्यसिद्धि में पद्मवज्र कहते हैं—

आकाशलक्षणं दिव्यं सर्वसङ्कल्पवर्जितम्।
ज्ञानं सर्वत्र संशुद्धमादिमध्यान्तनिर्मलम् ॥

(गु० सि० 4.10)

पञ्चतथागत ज्ञान के सम्बन्ध में बौद्ध तन्त्र-ग्रन्थों में विस्तृत विवरण मिलता है। यहां संक्षेप में कुछ तन्त्र-ग्रन्थों के आधार पर पञ्चतथागत ज्ञान के स्वरूप एवं लक्षण को प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। ये पांच ज्ञान पञ्चतथागत–वैरोचन, अमिताभ, रत्नसम्भव, अमोघसिद्धि तथा अक्षोभ्य से सम्बद्ध हैं। नामसंगीति के टीकाकार इन्हें क्रमशः हेतु, प्रत्यय, धर्म, भावना और मुक्ति ज्ञान से जोड़ते हैं। जैसे—आदर्श ज्ञान हेतु है, समताज्ञान प्रत्यय, प्रत्यवेक्षणा ज्ञान धर्म, कृत्यानुष्ठान ज्ञान भावना और सुविशुद्ध ज्ञान मुक्ति है।

ऊपर के विवरण के अनुसार हम पांच ज्ञानों को तथागत और स्कन्धों के साथ तालिका में इस तरह से रख सकते हैं—

ज्ञान	तथागत	स्कन्ध	ज्ञान
आदर्श ज्ञान	वैरोचन	रूप	हेतु
समता ज्ञान	रत्नसम्भव	वेदना	प्रत्यय
प्रत्यवेक्षणा ज्ञान	अमिताभ	संज्ञा	धर्म
कृत्यानुष्ठान ज्ञान	अमोघसिद्धि	संस्कार	भावना
सुविशुद्ध ज्ञान	अक्षोभ्य	विज्ञान	मुक्ति

—: o :—

कालचक्र तन्त्र

संक्षिप्त परिचय एवं श्लोकार्धानुक्रमणी

—व्रजवल्लभ द्विवेदी, ठिनलेराम शाशनी—

['धीः' के पिछले अंकों में अनुसन्धाताओं की सुविधा के लिए सेकोद्देशटीका, अद्वयवज्रसंग्रह, साधनमाला जैसे ग्रन्थों के परिशिष्टों का प्रकाशन किया गया था। इसके छठे अंक में पांच ग्रन्थों (अनुत्तर-सन्धि, आलोकमाला, चतुःस्तव, चित्तविशुद्धिप्रकरण और पंचक्रम) के परिशिष्ट प्रकाशित किये गये। ऐसा करते समय इन ग्रन्थों और ग्रन्थकारों का सामान्य ऐतिहासिक परिचय देने का भी प्रयत्न किया गया था। उसी पद्धति से प्रस्तुत अंक में कालचक्रतन्त्र की श्लोकार्धानुक्रमणी का प्रकाशन किया जा रहा है।]

संक्षिप्त परिचय

बौद्ध तान्त्रिक साहित्य को वज्रयान, सहजयान और कालचक्रयान में बांटा जाता है, किन्तु इस विभाग को शास्त्रीय मान्यता प्राप्त नहीं है। शास्त्रों में वज्रयान के साहित्य को क्रिया, चर्या, योग और अनुत्तरतन्त्रों में तथा अनुत्तरतन्त्र को पुनः पितृ, मातृ और अद्वय तन्त्रों में विभाजित किया गया है। शैव और वैष्णव आगम भी क्रिया, चर्या, योग और विद्या पादों में विभक्त हैं तथा कौल तन्त्रों के सिद्धकौल और योगिनीकौल नामक विभाग मिलते हैं। उक्त शास्त्रीय विभाजन के अनुसार कालचक्रतन्त्र की गणना चतुर्थ अनुत्तर विभाग के अन्तर्गत अद्वय तन्त्रों में की जाती है। प्रस्तुत तन्त्र का यह उत्कृष्टतम स्वरूप पुण्डरीक की विमलप्रभा टीका के कारण और भी निखर कर हमारे सामने आया है। यद्यपि इसका (मूलमात्र) एक सामान्य संस्करण डॉ० रघुवीर द्वारा दिल्ली से निकाला जा चुका था, किन्तु इसका पहला परिष्कृत संस्करण कलकत्ता की एशियाटिक सोसाइटी ने सन् 1985 में निकाला। इसके सम्पादक श्री विश्वनाथ बनर्जी हैं। प्रस्तुत संस्करण के द्वितीय भाग में ये सम्पूर्ण विमलप्रभा को तथा तृतीय भाग में इन पर आधारित अपने चिन्तन को प्रकाशित करना चाहते हैं। विमलप्रभा के प्रारम्भ के दो पटलों का मूल ग्रन्थ के साथ प्रकाशन सारनाथ के केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान से सन् १९८६ में हो चुका है। इसका सम्पादन दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध योजना के संस्थापक स्वनामधन्य श्री जगन्नाथ उपाध्याय ने किया था।

विमलप्रभा से पता चलता है कि मूल कालचक्रतन्त्र में १२ हजार श्लोक थे। उसका संक्षिप्त स्वरूप यह लघुकालचक्रतन्त्र है। इसमें स्रग्धरा छन्द के कुल 1047 श्लोक हैं। बुस्तोन

(जिल्द 14, पृ० 845) ने स्रग्धरा छन्द के 30 हजार श्लोक वाले कालचक्र तन्त्र का उल्लेख किया है। इसके विषय में निश्चित रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता। यह भी संभव है कि श्लोकसंख्या तीन हजार के स्थान पर तीस हजार गलती से लिख दी गई हो। प्रस्तुत कालचक्रतन्त्र के 1047 स्रग्धरा छन्द के श्लोकों को अनुष्टुप् छन्द के 32 अक्षरों के श्लोकों में बदलने पर उपलब्ध लघुकालचक्र तन्त्र के श्लोकों को संख्या लगभग तीन हजार बैठती है। ग्रन्थों को श्लोकसंख्या के प्रमाण से मापने की यही विधि सर्वमान्य है। इसी तरह से राजा सुचन्द्र रचित टीका 60 हजार श्लोकप्रमाण की थी। पुण्डरीक ने उसको 12 हजार श्लोकों में संक्षिप्त कर अपनी विमलप्रभा व्याख्या लिखी।

कालचक्र का मूलतन्त्र आज उपलब्ध नहीं है, किन्तु इसके वचन अनेक तन्त्रों में उद्धृत मिलते हैं। मूलतन्त्र के कुछ वचनों का 'धीः' के एक-दो अंकों में 'लुप्त बौद्ध वचन संग्रह' शीर्षक के अन्तर्गत संकलन किया गया था। प्रस्तुत अंक में विमलप्रभा (मुद्रित भाग) और सेकोद्देशटीका में उद्धृत वचनों को उक्त शीर्षक के अन्तर्गत (पृ० 35–42) संकलित किया है। विमलप्रभा में आदिबुद्ध तन्त्र का उल्लेख बार-बार मिलता है। इन स्थलों को देखने से ऐसा विचार उठता है कि आदिबुद्ध तन्त्र हो कहीं मूल कालचक्र तन्त्र न हो। प्रस्तुत अंक में विमलप्रभा के उक्त अंश में उद्धृत आदिबुद्ध तन्त्र के वचन भी संकलित हैं, किन्तु किसी निश्चित प्रमाण के अभाव में अभी हमने दोनों ग्रन्थों के वचनों को अलग-अलग ही रखा है।

कालचक्र तन्त्र के—"आद्याब्दात् षट्शताब्दैः" (1.26) इस श्लोक से इस तन्त्र के आविर्भाव के विषय में कुछ प्रकाश पड़ता है। आद्याब्द को विमलप्रभाकार ने धर्मदेशना का वर्ष माना है। भगवान् बुद्ध की प्रथम धर्मदेशना के छः सौ वर्ष बाद संभल देश में उत्पन्न यश नृपति की तथा उससे आठ सौ वर्ष बाद म्लेच्छ धर्म की प्रवृत्ति की बात यहां कही गई है। इस प्रकार प्रथम धर्मदेशना के बाद के 1400 वर्षों में घटी दो प्रमुख घटनाओं का यहां उल्लेख है।

अपने उपोद्घात (पृ० 1) में श्री विश्वनाथ बनर्जी ने बौद्ध तन्त्रों के उक्त त्रिविध विभाग को अस्पष्ट बताया है। उनके कथन से हम सहमत हैं। इसका कारण भो ऊपर बताया जा चुका है। बौद्ध तन्त्रों में ही नहीं, कौल तथा काश्मीर शैव तन्त्रों में भी सहज अथवा अनुपाय प्रक्रिया का तथा आन्तर प्राण में कालचक्र की उपासना विधि का निरूपण मिलता है। अभिनवगुप्त के तन्त्रालोक के 6-7 आह्निकों में कालचार, वर्णोदय और चक्रोदय के रूप में प्राणोपासना का सविस्तार वर्णन देखा जा सकता है। कालचार की इस पद्धति के साथ कालचक्र तन्त्र का तुलनात्मक अध्ययन महत्त्वपूर्ण हो सकता है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि ये तीनों प्रकार

मिलकर ही बौद्ध, कौल और काश्मीरी शैव तन्त्रों को पूर्णता प्रदान करते हैं। तन्त्रशास्त्रों में बाह्य, आन्तर (आध्यात्मिक = मानस) और गुह्य के नाम से त्रिविध पूजा वर्णित है। किन्तु इनके आधार पर भी उक्त त्रिविध विभाग की संगति पूरी तरह से बैठ नहीं पाती।

कालचक्र की देशना यद्यपि धान्यकटक (अमरावती, आन्ध्रप्रदेश) में हुई मानी जाती है, किन्तु इस तन्त्र के अध्येषक राजा सुचन्द्र स(श)म्भल के थे। स(श)म्भल की स्थिति सीता नदी के उत्तर में मानी जाती है। तिब्बती [1]साहित्य और परम्परा के अनुसार हिमालय के पश्चिम में यह स्थित है। गान्धार देश (अफगानिस्तान) के प्राचीन ओडियान प्रदेश के आसपास इसकी स्थिति मानी जाती है। सुवास्तु नदी की द्रोणी (घाटी) औदर्यिनी[2] अथवा ओडियान के नाम से प्रसिद्ध रही है। चार पीठों में प्रमुख उड्डियान इसी का नामान्तर है। महाशय डे० कोरोस के अनुसार सीता आधुनिक चक्षु या आक्सस नदी है, जिसे क्षीर दरिया भी कहते हैं। हमें स(श)म्भल देश की निश्चित भौगोलिक स्थिति की जानकारी के लिये सुवास्तु और सीता नदी की भिन्नता अथवा अभिन्नता पर विचार करना होगा।

महाभारत और पुराणों के अनुसार शम्भल देश में कल्कि अवतार की भविष्यवाणी की गई है। कालचक्र तन्त्र में भी अनेक कल्कियों की चर्चा आती है। प्रसंगवश वहां म्लेच्छों के आक्रमणों की भी चर्चा आती है और कल्की अवतार का प्रयोजन म्लेच्छों का उच्छेद करना ही है। इन आक्रमणों का संबन्ध हमें आधुनिक भारत से न जोड़ कर अफगानिस्तान के आसपास के इस प्रदेश पर हुए आक्रमणों से जोड़ना होगा। तिब्बती परम्परा और अनेक प्राच्य-पाश्चात्य विद्वानों के मतों को देखते हुए स(श)म्भल देश की स्थिति आधुनिक रेशम मार्ग (सिल्क वे) के उत्तर-पश्चिम में मानी जा सकती है।

श्लोकार्धानुक्रमणी

1. लामा लोङ् दोल विरचित "कालचक्र की उत्पत्ति एवं उत्पन्न क्रमों की संक्षिप्त व्याख्या" (हिन्दी अनुवाद), पृ० 30 देखिये। अनुवादक—श्री रामेश्वर झा, बिहार रिसर्च सोसाइटी, पटना।
2. देखिये—"अत्र ते कीर्तयिष्यामि वर्षं भारत भारतम्" शीर्षक डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल का लेख, सारस्वती सुषमा, व० 6, अ० 3-4, पृ० 342,

ज्वाला बिन्दुं स्रवन्तीं	3.123
टक्किश्चुन्दा च युग्मं	4.81
टक्किस्तद् वीर्यनाशं	5.109
डाकिन्यः कालरूपाः	5.135
डाकिन्यो वज्रपूर्णाः	5.87
डाकिन्यो ह्रस्वभावाः	5.30
डोम्ब्यां चानुस्मृतिः स्या	4.115
तच्चित्तं द्विस्वभावं	2.19
तत् क्वाथं खण्डमिश्रं	2.130
तत्त्वाख्यं षड्विहीनं	2.52
तत्त्वाख्यं सप्तरात्रात्	2.73
तत्त्वान्यष्टादशाद्रिः	1.42
तत्त्वान्यष्टादशाद्रिः	1.73
तत्त्वान्येतानि देहे	2.32
तत्त्वैकं श्वासषष्ट्या	1.107
तत् पात्राद् बिन्दुना	4.229
तत्रारूढोऽसिहस्तः	4.166
तत्राविद्याद्यमङ्गं	1.117
तत् सर्वं लौकिकं वै	5.112
तत्स्थानाद्रङ्गभूमिः	3.38
तद् दृष्ट्वा दुर्निमित्तं	3.33
तद् बाह्ये सूर्यपद्मे	4.33
तद्वच्चाष्टौ च देव्यो	5.33
तद्वद्वै त्र्यष्टकेन	4.12
तन्त्रं योगानुविद्धं	5.24
तन्त्रार्थं देशयित्वा	5.259
तन्त्रेष्वेवं मया यत्	5.95
तन्मध्ये कालचक्रः	5.148
तन्मध्ये किञ्चिदत्र	1.148
तन्मध्ये खड्गमुष्टिः	1.140
तन्मध्ये जोऽङ्कुशस्य	4.141
तन्मध्ये ज्ञानचक्रं	4.230
तन्मध्ये ज्ञानबीजं	4.142
तन्मध्ये पञ्चविंशत्	1.158
तन्मध्ये लोकधातुः	5.168
तन्मध्ये वज्रभूमौ	4.2
तन्मध्ये स्थापनीया	3.108
तन्मध्ये हानिवृद्धी	1.85
तन्वङ्गी सूक्ष्मकेशा	3.141
तर्जन्यङ्गुष्ठयोगो	3.181
तर्जन्यन्ताः प्रसाराः	3.185
तर्जन्या दर्शनं वै	3.186
तर्जन्यादूर्ध्ववक्त्रा	3.181
तर्जन्याद्यास्त्रिशूलाः	3.177
तर्जन्यारूढवक्त्रा	3.180
तस्माज्जातो न नष्टः	5.194
तस्माज्जैनेन्द्रकोष्ठैः	3.52
तस्मात् कर्ता न कश्चिद्	2.89
तस्मात् कायप्रभेदै	4.132
तस्मात् कायार्थहेतोः	2.107
तस्मात् तन्त्रोक्तचिह्नं	3.50
तस्मात् तन्त्रोत्तरं वै	5.243
तस्मात्तं भक्षयन्ति	5.83
तस्मात्तं भेदयित्वा	4.234
तस्मात्ता रक्षयन्ति	5.87
तस्मात् पाती द्विजानां	2.16
तस्मात् प्रज्ञाधियुक्तं	3.147
तस्मात् प्रत्यङ्गमन्त्रो	4.167
तस्मात् श्रीमूलराहू	1.123
तस्मात् श्री रङ्गभूमौ	3.40
तस्मात् श्रीवज्रयाने	2.13
तस्मात् संभोगकायो	2.15
तस्मात् साध्यं गृहीत्वा	4.145
तस्मादन्यद् द्विगुण्यं	5.170
तस्मादन्यैस्त्रिपुष्पैः	5.79
तस्मादन्वेषणीया	5.65
तस्माद् गर्भारिमध्याद्	4.188
तस्माद्दानानुरागः	5.198
तस्माद्धृन्नाभिगुह्यं	5.173
तस्माद् योनौ रजो न	5.81
तस्माद् राजन् स्वकर्म	2.85
तस्माद् वज्राङ्कुशो वै	4.13

दुर्लभ ग्रन्थों की आधार सामग्री

—डॉ० ठाकुरसेन नेगी—

['धीः' के पूर्व छः अंकों में इस शीर्षक से अब तक लगभग 170 महत्त्वपूर्ण हस्तलिखित बौद्ध तन्त्र-ग्रन्थों की आधार सामग्री की सूचना दी जा चुकी है । प्रस्तुत अंक में 55 अन्य महत्त्वपूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थों की आधार सामग्री की सूचना दी जा रही है ।]

Title	Author	Institution	Ms. N0
अपराजितामहाप्रत्यङ्गिरा Aparājitāmahāpratyaṅgirā		RAK	4/1061 4/1031 2/239 Reel N0 E. 192/10
		IASWR	MBB-1-38
अष्टप्रकरणतन्त्र (वज्रसत्त्वकायस्य तथागत- राजतोव्याप्त) Aṣtaprakaraṇatantra (Vajrasattvakāyasya Tathāgatarājatovyāpta)		BLJ	A 94
अष्टमङ्गलाष्टकम् Aṣṭamaṇgalāṣṭakam		RAK	/ 4/1041 1/1696
		IASWR	MBB-II-128

Material	Script	Folio	Comp/Incomp	Other Information
NP	N	fold paper	Comp	
,,	,,	24	,,	
,,	,,	15	,,	
,,	,,	29	,,	
,,	,,	19	Incomp	
,,	,,	I8	,,	
,,	,,	6	Comp	
,,	,,	fold Paper	,,	AS. p. 244
,,	,,	,,	,,	
,,	,,	23	,,	A. D. 1841

Title	Author	Institution	Ms. No.
आदिकर्मविधि	शुभाकरगुप्त	RAK	3/363
Ādikarmavidhi	Śubhākaragupta		
		Gos	13256/5
आदिबुद्धमहायानतन्त्रे मन्त्रसाधनाङ्ग		RAK	3/693
Ādibuddhamahāyānatantre mantrasādhanāṅga			
आदियोगसमाधि		SMTUL	58
Ādiyogasamādhi		CAMBRIDGE	1278
		,,	1320
आर्यावलोकितेश्वर		RAK	Reel No E 391/30
Āryāvalokiteśvara			
आर्यावलोकितेश्वरशतनाम		RAK	,, No E 277/62
Āryāvalokiteśvaraśatanāma			
आर्यावलोकितेश्वरस्तोत्र	चन्द्रकान्त भिक्षु	,,	E. 487/27
Ārāvalokiteśvara Stotra	Candrkānta Bhikṣu		4/885
	चरपतिपाद		4/1041
	Carapatīpāda		1/1602
	,,		4/1041

Material	Script	Folio	Comp/Incomp,	Other Information
PL	Methilī	29	Incomp.	8 Leaves missing, a work running over
		23		37 leaves
PL	N	7 (34-14)	Comp.	
Paper	N	7		This ms Seems different from C. Bendall's 1278, 1320
,,	,,	82		with illustration of mudsra's and mantras
,,	,,	38		Bathing and Pūjā
NP	N	112		
,,	,,	37	Comp.	
,,	,,	6	,,	
,,	,,	2	,,	
,,	,,	Fold Paper	,,	
,,	,,	9	,,	
,,	,,	Fold Paper	,,	

Title	Author	Institution	Ms. No
ओडियानादिक्रम Oḍiyānādikrama	घण्टापाद Ghaṇṭāpāda	RAK	3/693
क्रियातन्त्रोक्त पाराजिका Kriyātantrokta pārājika		„	1/1697 ख[२]
गणचक्रनियमविधि Gaṇacakraniyamavidhi		RAK	3/693
गणचक्रविधि एवं धूमाङ्गारीपूजाविधि (शेषबलिस्तथा मुद्राचित्रसहिता)		„	4/1034
Gaṇacakravidhi dhūmāṇgārīpūjāvidhi (śeṣabalistathā mudrācitrasahitā)		„	4/1034
गणचक्रविधि (समाजतन्त्रानुसारिणी) Gaṇacakravidhi (Samāja tantranusāriṇī)		„	1/1697ख[२] 5/7871
गुटिकाविधि Gutikāvidhi		„	3/693
गुह्यातिगुह्यतन्त्र Guhyātiguhyatantra		„ „	4/71
गुह्यसमयतन्त्र Guhyasamaya tantra		PCHV	1
चण्डालीटीका Caṇḍālīṭīkā		BLJ	CA5-1-9–B

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	N	4 (65-68)	Comp.	
,,	,,	2	Incomp.	
,,	,,	7	Comp.	
NP	,,	Fold paper	,,	
,,	,,	,,		
PL	Bhujimol	2	Middle damage	
NP	Dev	3		
PL	N	3 (3-5)	Comp.	
NP	Dev	75		
,,	N	92	Comp.	
,,	Dev	Bound book 29pp	Com	

Title	Author	Institution	Ms, No
चतुराभरण Caturābharaṇa		RASB	4753 ,,
चतुर्योगिनीनिर्देशतन्त्र Caturyoginīnirdeśatantra		RAK	1/523
जम्भलसाधनसंग्रह Jaṁbhalasādhanasaṁgraha	अभयाकरगुप्त Abhayākaragupta	,,	4/1031
तत्त्वरत्नावलोक Tattvaratnāvaloka	वागीश्वरकीर्ति Vāgīśvarakīrti	,,	252
तन्त्रश्लोकसंग्रह Tantraślokasaṁgrha		RASGBI	52

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	N	7	Incomp.	
,,	,,	Last leaf	,,	
NP	,,	47	,,	First and last leaf dcmage.
,,	,,	24	Comp	
,,	,,	10	,,	
	,,	13	,,	Much worm-eaten

Title	Author	Institution	Ms. No.
देवताप्रतिमालक्षणशास्त्र Devatāpratimālakṣaṇa Śāstra		RAK	3/259
		"	3/363
		GOS	13286/40
नीलतन्त्र Nīlatantra		RAK	1/121
नैरात्म्यहृदयमन्त्र Nairātmyahṛdaya mantra		BLJ	CH 180B
		IASWR	MBB-11-212

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
NP	N	27	Comp.	
PL	,,	12	,,	
NP	,,	16	,,	
,,	,,	84	,,	
,,	,,	15	,,	
	,,	4		

Title	Author	Institution	Ms. No.
पञ्चासारपञ्जिका Pañcasārapañjika		RAK	5/22
पञ्चाशत्स्तोत्र Pañcāśata stotra		IASWR	MBB-I-67
परमार्थतन्त्रोत्तर Paramartha tantrottara		RAK	5/750
प्रतिष्ठालोक Pratisthāloka	कल्याणश्रीमित्र kalyāṇaśrīmitra	"	3/191
प्रत्यङ्गिरा तृतीयकल्प Pratyaṅgira Tṛtīyakalpa		IASWR	MBB-I-86

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	N	9		
NP	,,	100	Comp.	
,,	Dev	30		
PL	N	33	incomp.	
NP	,,			A. D. 1911

Title	Author	Institution	Ms. No
बौद्ध तन्त्र Bauddha Tantra		RAK	Reel N0 E 365/3
		,,	1/1697-2/22
		,,	1/6905
		,,	4/2953
		,,	1/1697-2/9
		,,	1/1697-11/7
		,,	1/1697-2/20
बौद्ध तन्त्रसंग्रह Bauddha Tantrasaṅgrah		GGS	13124/56
बौद्ध मन्त्रसंग्रह Bauddha Mantrasaṅgrah		RAK	5/301
भूतडामरमहामण्डल Bhūtaḍāmaramahāmaṇḍala		GOS	13647/60
भूतडामरसमाधि Bhūtaḍāmarasamādhi		RAK	3/270
		IASWR	WGS-9
भूतडामरसाधन Bhūtaḍāmarasādhana		RAK	5/88

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
NP	N	36	Comp.	
,,	,,	6	Incomp,	
,,	..	57	Comp.	
,,	,,	58	,,	
,,	,.	13	Incomp.	
,,	,,	16	Comp.	
,,	,,	8	Incomp.	
,	,,	274	Comp.	A colection of works by different authors
,,	,,	Fold Paper	Incomp.	
,,	,,	2	—	With Printed Picture
,,	,,	7	Comp.	
,,	,,	12	,,	
PL	,,	5	Incomp.	

Title	Author	Instution	Ms. no
मञ्जुश्रियाख्यवज्रभैरवयोगतन्त्र Manjuśriyākhyavajrabhairavayogatantra		RAK	4/19
महापीठयोगिनी तन्त्रराज Mahāpīṭhayoginī Tantrarāja			1/1697-11/6
महाप्रत्यङ्गिरातन्त्र Mahāpratyaṅgirātantra		GOS	13252/62
		RAK	4/346
		,,	Reel no E 819/1
		,,	E-277/63
		,,	3/646
		IASWR	MBB-II-273
मायाजालतन्त्र क्रियासंग्रह Māyājālatantra kriyāsaṅgr: h		RAK	Reel No H 388/13

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	N	11	Incomp.	Middle damage
,,	,,	4	,	
Np	,,	75	Comp.	
,,	,,	245	,,	
,,	Dev	97	,,	
,,	N	19	,,	
,,	,,	102	,,	
,,	,,	103	,,	
,,	,,	40	Incomp.	

Title	Author	Institution	Ms. No
यमारितन्त्रमण्डलोपायिका Yamāritantramaṇḍalopāyikā		RAK	5/85
यमारिपूजा Yamāripūjā		IASWR	MBB-II-52
		RAK	3/44
योगविधि Yogavidhi	नागार्जुन Nagārjuna	,,	1/1697 kha२
योगिनीसंवर तन्त्र Yoginīsaṁvaratantra		RAK	4/20
योगाम्बरसाधनोपायिका Yogāmbara Sādhanopāyikā	अमितवज्र Amitavajra	RAK	3/366
वर्षापण Varṣāpaṇa		RAK	3/647
		,,	4/3
वर्षापणविधि Varṣāpaṇavidhi		RASB	9984
		,,	9994
		RAK	4/130
		,,	3/347
		,,	Real No E 35/7
		BLJ	CA49-1
		,,	DH 265
		,,	KA 24

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
PL	N	23	Comp.	
NP	,,	8	incomp.	
,,	,,	27	Comp.	
PL	Bhujimol	8	,,	
,,	,,	10	Comp.	Microfilm S. S. uni.
,,	,,	12	Comp.	
NP	Dev	24	Incomp.	
,,	N	102	Comp.	
PL	,,	1	Incomp.	
,,	,,	,,	,,	
,,	Bhujimol	54	Comp.	
NP	N	24	,,	
,,	,,	31	,,	
,,	,,	43	incomp.	missing 3, 15, 16, 35,48
,,	,,	7	,,	F. 25-29 damage
,,	,,	75	comp.	

Title	Author	Institution	Ms. No
वर्षापणविधिसंग्रह Varṣāpaṇavīdhisaṅgrah		RAK ,,	4/3 4/130
श्मशानपूजाविधि ŚmaśānapūJāvidhi		,,	4/1030
श्मशानपूजादिसंग्रह ŚmaśānapūJādi Śaṁgraha		,,	4/1030
शुचीकरणविधि Śucīkaraṇavidhi	कानेरिपा Kāneripā	GOS	13267/72
षट्चक्रज्ञान Śaṭcakrajñāna		RAK	Reel No. E 819/2
षडङ्गयोगटिप्पणी Ṣaḍaṅgayogaṭippaṇī		RASGBI	68
सिद्धैकवीरप्रतिभेदान्तरसहजाभिलाषनाम- अभिसमयहृदयतन्त्र Sidhaikavīra pratibhedāntar sahajā- bhilāṣa nāma abhisamayahṛdaya tantra		SMTUL IASWR BLJ	150-II MBB-II-46 DH 370

Material	Script	Folio	Comp./Incomp.	Other Information
NP	N	102	Comp,	
PL	,,	27	Frag.	(प्रकीर्णपत्र)
NP	,,	Fold Paper		
,,	,,	16	Comp.	
,,	,,	5		
	Dev.	36	Incomp.	
		29		
Paper	Kuṭila	15	Incomp.	
NP	N	17	Comp.	
,,	,,	9	,,	

नरोपा की चण्डाली योगसाधना

—डा० ठाकुरसेन नेगी—

[नरोपा की छः योग साधनाएं उन समर्थ साधकों के लिये सहायक होती हैं, जो बुद्धत्व के त्रिकाय को शीघ्र ही प्राप्त करना चाहते हों। इस महापथ की साधना का सारमय उपदेश नरोपा की छः योग साधनाओं में व्याख्यात है।

प्रस्तुत निबन्ध में नरोपा के छः योगों में प्रथम चण्डाली योग का वर्णन किया जा रहा है। संक्षेप में चण्डाली की साधना से साधक अनुत्पन्न महामुद्रा को समझ पाता है, सब प्रकार की इच्छाओं और अज्ञानों से मुक्ति पाता है, सांसारिक नाड़ी-बन्धनों को खोल सकता है, उन्हें एक प्रज्ञा नाड़ी में बदल सकता है, मलिन बिन्दुओं को शुद्ध कर उन्हें आनन्द बिन्दु में बदल सकता है और दो शरीरों को एक इन्द्रधनुषी काय में 'पूर्ण बुद्ध' के रूप में प्राप्त कर सकता है।]

तन्त्र साधना के प्रारम्भिक मूलभूत सिद्धान्त

तन्त्र साधना के प्रारम्भिक मूल आधार मानव शरीर (वज्रदेह) और बुद्धत्वकाय की समानता की समझ में निहित हैं। इसलिये साधक को सर्वप्रथम अपनी प्राणशक्ति के स्वरूप, नाड़ियों के स्वरूप एवं बिन्दु (क्षरण) के स्वरूप को समझना चाहिये तथा भौतिक काय की विभिन्न प्रकार की क्रियाओं का भी उसे ज्ञान होना चाहिये। सामान्यतया साधक को वज्रदेह की संरचना का ज्ञान होना चाहिये, जो छः तत्त्वों के योग से बनी होती है। साधक को उसकी उत्पत्ति, अस्तित्व और नाश को भी समझना चाहिये।

विशेष रूप से चित्त (मन) के स्वभाव और स्वरूप को भी समझना चाहिये, जिसे साधक बना लेता है। उस आलयविज्ञान द्वारा निर्मित स्थूल, सूक्ष्म और सूक्ष्मतर परिणामों की प्रत्येक अवस्थाओं को भी जानना चाहिये। उसका स्थूल परिणाम सात विज्ञानों की पूर्णरूपता को सन्निहित रखता है। सूक्ष्म परिणाम अस्सी प्रकार के विभिन्न चित्तविक्षेपों को बताता है, सबसे सूक्ष्म परिणाम पूर्णता, विकास और निर्वाण सत्त्व की अवस्थाओं को बताता है।

साधक को इन तीन भौतिक सिद्धान्तों के स्वरूप के अधिगम और निर्गमन का भी बोध होना चाहिये। इसके अतिरिक्त उसे तन्त्र के मूलभूत सिद्धान्तों, मार्गों और उपलब्धियों का भी पूर्ण बोध होना चाहिये। भावना करते समय साधक उनके परिवर्तन को भी अवश्य समझे, मार्ग

पर भी चले तथा महाप्रज्ञा भी प्राप्त करे। इन तत्त्वबिन्दुओं का विभिन्न शास्त्रों के आधार पर गम्भीर मनन करके सावधानी पूर्वक साधक को अपनी साधना करनी चाहिये।

नरोपा की छः योग साधनाओं की शिक्षा उन लोगों को दी जाती है, जिन्होंने संसार छोड़ दिया है और जो इसी जन्म में बुद्धत्व प्राप्त करने के लिये कृतसंकल्प हैं।

नरोपा की छः योग साधनाएं उन समर्थ साधकों के लिये सहायक होती हैं, जो बुद्धत्व के त्रिकाय को शीघ्र ही प्राप्त करना चाहते हों। इस महापथ की साधना का सारमय उपदेश नरोपा की छः योग साधनाओं में व्याख्यात है।

नरोपा की छः योग साधनाओं का अभ्यास करने से पहले साधक को कुछ प्रारम्भिक बातों को जानना अति आवश्यक है। इनमें क्षणिक जीवन, सांसारिक दुःख, धर्म (साधना) के अभ्यास के लिए अनुकूल जन्म की प्राप्ति न होने का दुःख, जीवन से विमुक्ति की निश्चायकता, सभी मनुष्यों के प्रति करुणा और कृपाभाव से भरा असीमित बोधिचित्त, चेतन मनुष्य को बुद्धत्व प्राप्ति कराने के लिए प्रतिज्ञा लेना—इन सभी विषयों पर मुख्य रूप से ध्यान देना पड़ता है, क्योंकि इन साधनाओं के आधार पर धर्म की नींव खड़ी होती है। इसके बाद साधक तान्त्रिक क्रियाओं का अनुष्ठान करने के लिए आगे बढ़ता है। सांसारिक आसक्ति को शुद्ध करने के लिए तथा छः योगों का शुद्ध आधार प्रस्तुत करने के लिये साधक को पहले चार प्रकार का अभिषेक[1] लेना और उत्पन्नक्रम[2] का अभ्यास करना पड़ता है, जब तक कि वह स्पष्टतया साधना की स्थिति में न पहुँच जाये। शरीर के आलस्य और गतिहीनता को जीतने के लिए साधक को मृत्यु के ऊपर ध्यान देना पड़ता है। साधना की बाधाओं को जीतने के लिए उसे बुद्ध की प्रार्थना करनी पड़ती है और [3]बोधिचित्त उत्पन्न करना पड़ता है, जिससे कि वह धर्ममार्ग के पर्याप्त साधनों को बना

---

1. चार अभिषेकों का स्वरूप हेवज्रतन्त्र की टीका योगरत्नमाला (पृ० 8 a-b, 50 a-b) में देखना चाहिये।

2. क्रमः प्रकारः। कस्य क्रमः ? समाधेः। चन्द्रचिह्नबीजादिपरिणामेन देवताकारनिष्पत्तिरुत्पत्तिः, सा यस्मिन् समाधौ अस्ति स उत्पत्तिक्रमः, उत्पन्नं स्वाभाविकमेव रूपम्। तदेव तत्त्वरूपेणाधिमुच्यते भाव्यते यस्मिन् योगे स उत्पन्नक्रमः (हे० त० पं०, पृ० 125)

3. बोधिचित्तं भवेच्चन्द्रं पञ्चदशकलात्मकम्।
आलिरूपं महासौख्यं योगिन्यस्तस्यांशकाः ॥ (हे० त० 24.26)
मण्डलचक्राद्युपायेन स्वाधिष्ठानक्रमेण च।
बोधिचित्तमुत्पादयेद् वैवृतिसंवृतिरूपकम् ॥
संवृतं कुन्दसंकाशं विवृतं सुखरूपिणम्।
स्त्रीकक्कोलसुखावत्यामेवंकारस्वरूपके ॥

सके। उसे दान देना पड़ता है और उसे बलि भी देनी पड़ती है। जिससे वह पापों या अपराधों से अपने को मुक्त कर सके। उसे वज्रसत्त्व के मन्त्र का अनुजाप और अशुभ कृत्यों के प्रति पश्चात्ताप करके गुरु से आशीर्वाद लेना होता है। साधक को प्रत्येक प्राथमिक साधनाएं पाँच से सात दिनों के भीतर करनी पड़ती हैं।

नरोपा की योग साधनाओं के अभ्यास के लिये निम्नलिखित मुख्य छः विधियां हैं :—

1. चण्डाली योग
2. मायाकाय योग
3. स्वप्न योग
4. प्रभास्वरता योग
5. अन्तराभव योग
6. परिवर्तन (परकायप्रवेश) योग

प्रस्तुत निबन्ध में प्रथम चण्डाली योग का वर्णन किया जा रहा है। साधक को चण्डाली योग की आधारशिला के रूप में निम्नलिखित अभ्यासों पर विशेष जोर देना चाहिये।

सर्वप्रथम साधक को फर्श पर एक रुई या कपड़े का ऊंचा आसन बनाना चाहिये और अपनी कमर में बेल्ट बाँधना चाहिये। तत्पश्चात् उसे फर्श पर बैठकर अपने पैरों को एक दूसरे पर रखना चाहिए तथा ध्यानावस्था में अपने शरीर को दृढ रखना चाहिए। इसके पश्चात् वैरोचन की सात प्रकार की बैठी हुई मुद्राओं में पूर्वोक्त दृष्टि से बैठा हुआ साधक (योगी) प्राण-साधना योग का अभ्यास करे। किन्तु उसे इस साधना को तब नहीं करना चाहिए, जब वह बहुत भूखा हो या अधिक खा लिया हो; जब दोपहर हो या आधी रात हो। इसके लिये सबसे उचित समय वह है, जब दोनों नासिकाओं[1] से समान वायु निकल रही हो। जब एक नासिका से दूसरी नासिका की ओर वायु जा रही हो, तब वायु नासिकाओं में सन्तुलित होती है। जब आप इसे देखें तो इसमें न उलझ कर चण्डाली को देखने में जोर देना चाहिये, जब कि तीनों नाड़ियाँ नाभिचक्र की ओर जाकर अन्तःसंगठित (संयोजित) हों। यह चण्डाली तिब्बती अक्षर (ཨ) के सदृश होती है या शून्य में प्रज्वलित लौ की भाँति तेज और घुमाई हुई जीभ की नोंक की भाँति संकीर्ण बिन्दु रूप में स्थित रहती है। साधक चण्डाली के नुकीलेपन पर ध्यान केन्द्रित करें। यह लाल भूरा अत्यन्त उष्ण (गर्म) एवं तरंगित होता है। यह गर्मी या आनन्द को शरीर

---

1. सुखस्य रक्षणादेव सुखावतीति शब्दितम्।
शून्यताकरुणाद्वयस्वभावं बोधिचित्तकम्॥
(हेवज्रपञ्जिका योगरत्नमाला)

की सभी नाड़ियों में पैदा करता है। साधक जब वायु को भीतर भर रहा हो, तो उसे दक्षिण या वाम नाड़ी में वायु के नीचे बहते हुए स्वरूप पर ध्यान देना चाहिए। नीचे से हवा का निःसरण हो और चण्डाली को संयमित करते हुए भीषण तप्तता जब उसे समापन्न करते हुए रखे, तो सोचना चाहिए कि शरीर के पूरे प्राण वहाँ एकत्रित हो रहे हैं तथा उससे ऊपर निकल रहे हैं। प्राण के बाहर निकलने पर चण्डाली सुषुम्ना शीर्ष से जगती है।

चण्डाली की अग्नि ही चण्डाली योग का आधार

यह बहुत स्पष्ट रूप से प्रत्यक्ष होने पर अग्नि को पैदा करती है। सर्वप्रथम साधक को निश्चित और स्पष्ट चण्डाली का दर्शन होना चाहिये। तब तात्त्विक प्रगति की आशा की जा सकती है। प्रारम्भ में चण्डाली के प्रभास्वर रूप को नहीं देखा जा सकता, जब तक कि साधक श्वास की अंगुली भर की चौड़ाई के साथ ऊंचाई को न पकड़ लें। उपर्युक्त विधियों द्वारा अभ्यास करने पर साधक दो तीन अंगुल की चौड़ाई के साथ ऊँचाई पकड़ लेता है। यह चण्डाली की प्रभास्वरता लम्बे आकार की घुमावदार सुइयों की भांति या लम्बे बालों की चोटी के सदृश होती है। इसमें चारों तत्त्वों की विशेषताएँ—पृथिवी की दृढ़ता, जल की आर्द्रता, अग्नि की तप्तता तथा वायु की प्रवहनशीलता रहती हैं। इसकी अपनी दीप्तिगत विशेषता भी चण्डाली में सन्निहित रहती है, जो प्राणों को ऊपर उठाती है तथा आनन्द प्रदान करती है।

हेवज्रतन्त्रराज में कहा है—

चण्डाली ज्वलिता नाभौ दहति पञ्चतथागतान्।
दहति च लोचनादिर्दग्धेऽहं स्रवते शशी॥ (1.1.31)

इस प्रसंग में कृष्णपाद[1] ने चण्डाली शब्द की व्याख्या करते हुए बताया है कि क्लेशोप-

---

1. चण्डा प्रज्ञा अंकारः। आलिर्वज्रसत्त्वो हूँकारः। अंकार-हूँकारौ चण्डाली। तौ द्वौ एकरसीभूय बिन्दुरूपेण वज्रमणिशिखरशुषिरे नाभौ महासुखरागानलेन ज्वलिता दहति पंचतथागतान् पंचस्कन्धान् लोचनादीन् पृथिव्यादीन् दग्धे सति हं श्रवते महासुखचक्रात् शशी बोधिचित्तम्। अक्षरार्थव्याख्या।

चण्डा धर्मोदया रक्ता आलिश्चाद्यक्षरः स्मृतः।
ज्वलन्तं तं समाकुञ्च्य वायुना भ्राम्य यत्नतः॥
ज्ञानानि चक्षुरादीनि पञ्चबुद्धाः समासतः।
पञ्चभूतान् यथात्मानं दग्ध्वा सत्त्वार्थकृच्छशी॥

क्लेश का निकृन्तन करने में चण्डस्वभावा होने के कारण प्रज्ञायुक्ता आलि (प्रज्ञा) चण्डाली कही जाती है। यही नाभि में प्रोज्वल रूप में विद्यमान रहती है। यह चण्डाली ही अंकार है, वज्रसत्त्व हूँकार रूप है। इस प्रकार चण्डा (प्रज्ञा) वाम नाड़ी है और आलि (उपाय) दक्षिण नाड़ी है। गुरूपदेश से इन दोनों के संयोग से चण्डाली का अभ्युदय होता है। नाभि में इसके प्रज्वलित होने का अर्थ है—मध्य में इसका प्रज्वलन होना। यह मध्य नाड़ी में ही महाराग (करुणा) की अग्नि से पांच स्कन्धों को, लोचनादि को, पृथ्वी आदि महाभूतों को दग्ध करती है। अहंकार का दाह करने पर महासुख ज्ञान की उत्पत्ति होती है।

इस प्रकार जो साधक पूर्वोक्त शिक्षाओं को बताने की शक्ति रख कर इस योग साधना का अनुगमन करता है, वह चण्डाली को आधारशिला को और उससे पैदा होने वाले ताप और आनन्द को जानता है। कुछ लोग कहते हैं कि चण्डाली योग में चार बीजाक्षरों[1] का अन्वीक्षण करना चाहिये। इसका विस्तृत वर्णन हेवज्र[2] एवं चक्रसंवरतन्त्र[3] में मिलता है, पर अन्य छः योगों के विवरण में नहीं।

पाँचों चक्रों में प्रत्येक नाड़ी के विभिन्न बीजाक्षर रहते हैं। पाँच बीजाक्षर या और अधिक कहें तो पाँच प्रकार के विभिन्न रूप जो नाड़ियों द्वारा लिए जाते हैं, वे प्रतीक के रूप में पाँच इच्छाओं और भावनाओं को बताते हैं। जैसे—राग, घृणा, अज्ञान, अहंकार और ईर्ष्या आदि। चण्डाली अभ्यास की प्रक्रिया में जब साधक इन चक्रों में ध्यानस्थ हो जाता है, तो उसके मन (चित्त) और प्राण वहाँ एकाग्र हो जाते हैं। मन और प्राण की एकाग्रता से बीजाक्षर एका-एक, जिन इच्छाओं और भावनाओं के वे प्रतीक होते हैं, विद्रोह कर देते हैं। इसके फलस्वरूप

सम्प्रदायव्याख्या।
चण्डा प्रज्ञा वामनाडी आलिरूपा। उपायो दक्षिणनाडी। ते द्वे गुरूपदेशतः संयोगं गते चण्डालीत्युच्यते। चण्डा प्रज्ञा उत्पत्त्युत्पन्नक्रमसमाधीनां विचारः। आलिर्महाकरुणामयचित्तम्। अतः शून्यताकरुणे चण्डालीशब्देनोच्येते। "चण्डाली निरुत्तरप्रज्ञा।

(योगरत्नमाला, स्नेलग्रोव, भा० 2, पृ० 10a–11a)

1. बीजाक्षर बीज का सार तत्त्व है। यह देवताओं का प्रतीक है या चक्रों एवं तत्त्वों आदि का प्रतीक है। तन्त्रसाधना में यह माना जाता है कि बीजाक्षर की साधना करने से साधक उसमें निहित तत्त्वों को अपने में समाहित करने में, उनको जागरित करने (सिद्ध करने) में पारंगत हो जाता है और वह योगी कहलाता है। सेकोद्देश टीका में कहा भी है—"योगः षडङ्गयोगो लब्धोत्कर्षपर्यन्तः, स योगो येषामस्ति ते योगिनो महावज्रधरपदप्राप्ताः"।

2. द्रष्टव्य—हेवज्रतन्त्रराज एवं इसकी तीन बृहत् पंजिकाएं, योगरत्नमाला एवं रत्नावली।

3. चक्रसंवरपंजिका, हस्तलेख संख्या एम. बी. बी. 1–112.

साधक अनुभव करता है कि भावनाएं जैसे राग, घृणा, सन्देह, अहंकार आदि स्वतन्त्र रूप से पैदा हो रहे हैं और बिना अपनी इच्छा (संकल्प) के हर प्रकार के चंचल और कष्ट देने वाले विचार और बीमारियाँ पैदा हो रही हैं। इस प्रकार उसकी साधना में अड़चन आती है, क्योंकि मन और प्राण के चक्रों में केन्द्रित होने से उसको स्वप्न में विभिन्न प्रकार के भ्रमदर्शन होते हैं। ध्यान में और जाग्रदवस्था में भी। इस समय प्रार्थना द्वारा बोधिचित्त को पैदा करना,[1] मन में विराग पैदा करना तथा शून्यता को देखना बाधाओं को जीतने के लिए आवश्यक होते हैं। उस समय साधक तब तक शारीरिक अभ्यास करे, जब तक कि विभिन्न चक्रों में नाड़ी की गांठ के साथ समन्वित न हो जाये। उसे जानना चाहिए कि ये सभी बाधाएं वास्तव में उसकी सहायक हैं एवं उसकी साधना के अच्छे प्रतीक हैं। वह अपने लक्ष्य की ओर निश्चित ही आगे बढ़ रहा है। इस प्रकार उसे अपने को स्वयं धन्यवाद देना चाहिए और प्राण एवं नाड़ी के प्रत्याक्रमण को स्वीकार करना चाहिये। यदि साधक पांचों तत्वों के प्राणों को अपने मूल स्थान में रोक सका, तो वे उनको सुषम्ना में ले जायेंगे। इससे पांच प्रकार के चिह्न—चन्द्र की किरण, सूर्य की किरण, वज्रकिरण, इन्द्रधनुष की किरण और चन्द्र-सूर्य की साथ-साथ किरणें भी पैदा होती हैं। इस प्रकार बहुत से चिह्न (कण) प्रकाश के दिखाई देते हैं। यह सब मिल कर दस विशिष्ट चिह्न कहलाते हैं। यह विशुद्ध चिह्न सत्त्व के प्राण, नाड़ी एवं बिन्दु चक्रों में एकत्रित होते हैं, जिसमें पांच रंग—सफेद, लाल, नीला, पीला और हरा बुद्ध भूमि में पैदा होते हैं और प्राण विभिन्न गुह्य नाड़ियों में एकत्रित होने पर साधक को 24 गुह्य पवित्र स्थान, इष्टदेव, डाकिनियाँ और द्वारपाल दिखाई देते हैं। ये साधक के पांचों प्राणों को उन चक्रों में रोक कर प्रवीणता प्राप्त कराते हैं। इससे साधक का शरीर बलिष्ट हो जाता है, उसका चर्म कोमल हो जाता है, चेहरा चमकने लगता है और हर क्षण वह इतना शक्ति से युक्त होता है कि सघन दीवाल भी उसे रोक नहीं पाती।

वह योगी जो शुक्र-शोणित (रक्त-श्वेत) बिन्दु को रोक कर सुषुम्ना (नाड़ी) में इकट्ठा कर सकता है, निम्नलिखित गुणों को प्राप्त करता है—

1. योगी अपने शरीर से प्रकाश की लौ का विकिरण कर सकता है तथा सूर्य के सान्निध्य (सामीप्य) में वह बिना छाया के खड़ा हो सकता है।
2. वह अपने को अन्तर्धान कर सकता है।

---

1. भवसागरे पतितान् सत्त्वान् तेषामुद्धरणं कर्तुं चित्तवज्रं श्रेष्ठं करोम्यहमिति बोधिचित्तोत्पादः। (साधनमाला, पृ० 373)

3. वह बड़े-बड़े चमत्कार दिखा सकता है। जो साधक प्राण, मन और सूक्ष्म पंचमहाभूत के तत्त्व को अवधूती में केन्द्रित करता है, वह निम्नलिखित छः प्रकार की सिद्धियों को प्राप्त कर सकता है—

1. लोहे को सोने में बदल सकता है।
2. पानी के ऊपर बिना डूबे चल सकता है।
3. आग में बिना जले प्रवेश कर सकता है।
4. अपनी चण्डाली शक्ति की उष्णता से वह पहाड़ के बर्फ को पिघला सकता है।
5. सुमेरु के सिरे तक वह कुछ सेकेण्ड में जा सकता है।
6. आकाश में वह उड़ सकता है और पहाड़ तथा चट्टानों पर आसानी से चल सकता है।

गुह्यसमाजतन्त्र में भी दो प्रकार की सिद्धियां बताई गई हैं—

1. सामान्यसिद्धि तथा २. उत्तमसिद्धि

सामान्यसिद्धि में अन्तर्धान, अणिमा, लघिमा आदि की गणना है।

उत्तमसिद्धि के अन्तर्गत बुद्धत्व की प्राप्ति है। षडंगयोग में निष्णात होने के पश्चात् इसी से जन्म में बुद्धत्व प्राप्ति संभव है।

जैसा कहा भी है—

अन्तर्द्धानादयः सिद्ध्यः सामान्या इति कीर्तिता।
सिद्धिरुत्तममित्याहुर्बुद्धबुद्धत्वसाधनम् ॥
सेवा षडङ्गयोगेन कृत्वा साधनमुत्तमम्।
साधयेदन्यथा नैव जायते सिद्धिरुत्तमा ॥

(गु० स०, पृ० 162–163, बड़ौदा)

प्राण एवं चित्त पर आधिपत्य कर लेने पर योग का प्रसार और गम्भीरता ऊपर उल्लिखित गुणों के साथ उसमें पूर्णरूप से आ जाती है। चमत्कार की शक्ति का काल भी योगी में भिन्न-भिन्न हो सकता है। यदि योगी प्राण-चित्त को निगृहीत न करे, तो यह गुण भी समाप्त हो जाते हैं। नाड़ी, वायु और बिन्दु को शुद्ध करके योगी हर प्रकार को सिद्धियों से काम ले सकता है, क्योंकि बिन्दु के स्थिर हो जाने पर तथा बिन्दु का ऊपरी चक्रों में प्रवेश कर जाने पर योगी बहती हुई नदी की धारा को भी रोक सकता है। यदि योगी का प्राण-चित्त एकाग्र है, तो वह मनुष्य मात्र को देख कर हिप्नोटाइज्ड (मोहित) कर सकता है। अग्नि तत्त्व को उसने निगृहीत कर लिया है, तो वह सूर्य को भी स्तंभित कर (रोक) सकता है। नाड़ी की शक्ति से

वह धन और असंख्य रत्नों को पैदा कर सकता है। वह मनुष्यों को अपनी ओर खींच सकता है। बिन्दु की शक्ति के कारण वह देव, राक्षस, पिशाच आदि को भी अपने अधीन कर सकता है, अर्थात् खींच सकता है। यद्यपि साधक असंख्य सिद्धियों और उपादानों को प्राप्त कर सकता है, फिर भी उसे यह जानना चाहिये कि यह सब भ्रम है, जैसे इन्द्रधनुष। अपने में इनका कोई अस्तित्व नहीं होता। उसे कभी भी इन शक्तियों से भ्रमित नहीं होना चाहिए, लेकिन उसे आज के विश्व की सिद्धियों के ऊपर विजय प्राप्त करनी चाहिए और दीप्तिमान् महामुद्रा साधना पर बिना किसी चंचलता के चण्डाली को केन्द्रित करना चाहिये, क्योंकि यही वह मार्ग है, जिससे उसका अनुभव और आगे बढ़ेगा।

उपसंहार

संक्षेप में चण्डाली की साधना से साधक अनुत्पन्न महामुद्रा को समझ पाता है तथा सब प्रकार की इच्छाओं और अज्ञानों से वह मुक्ति पाता है। वह सांसारिक नाड़ी-बन्धनों को खोल सकता है और उसे एक प्रज्ञा नाड़ी में बदल सकता है। वह आस्रव बिन्दुओं को शुद्ध करके उसे अनास्रव बिन्दु में बदल सकता है और युगनद्ध काय (इन्द्र-धनुषी काय) को 'पूर्ण बुद्ध' के रूप में प्राप्त कर सकता है।

—:❀:—

तन्त्र का स्वरूप एवं आभ्यन्तर भेद—4

—वङ्छुग् दोर्जे—

['धी:' के छठे अंक में तन्त्र की सामान्य साधना पद्धति और कुल पर विचार किया गया था। इसी शीर्षक से अब क्रियातन्त्र आदि चारों तन्त्रों पर विस्तार से विचार किया जायगा। इस क्रम में यहां क्रियातन्त्र का स्वरूप, अभ्युदय, कुलभेद तथा साधनापद्धति पर प्रकाश डाल कर और साधनाविधि को पुनः प्रवेशचर्या, योगचर्या, साधनाचर्या और सिद्धिचर्या नामक चार साधनायोगों में विभक्त कर उनका स्वरूप बताया गया है। अन्त में क्रियातन्त्र के पांच मार्गों और दस भूमियों पर भी संक्षिप्त विचार किया गया है।]

क्रियातन्त्र के स्वरूप को तथागत ने ज्ञानसमुच्चय में इस प्रकार कहा है—"लोक में अवहेलना का पात्र बनाने वाली चर्या से भयभीत होकर क्रियातन्त्र का साधक बाह्य शुद्धीकरण पर जोर देता है। इसमें ज्ञानसत्त्व के सुख का अभाव, स्वदेह में देवकाय की भावना का अभाव और अतिविशिष्ट मार्ग में प्रवेश की योग्यता का अभाव रहता है। अतः वह दोषों के क्षय के हेतु विकल्प का सहारा लेता है। ऐसी साधना करने वाला साधक क्रियातन्त्र में स्थित कहा जाता है"[1]।

इसकी व्याख्या करते हुए कोङ्ट्रुल रिनपोछे कहते हैं कि मन्द बुद्धि वाले व्यक्ति (साधक) गम्भीरार्थ (राग से उत्पन्न अनुभूति) से भयभीत रहते हैं। स्वयं समयदेव की भावना करने में असमर्थ होने से इनमें स्वदेह में देवकाय की भावना का अभाव रहता है। इसके अभाव में वे ज्ञानदेव का आह्वान कर उसे अपने में विलीन भी नहीं कर सकते। सन्ध्याभाषा द्वारा मुद्रित अतिविशिष्ट मार्ग का अनुकरण करने में भी वे असमर्थ रहते हैं। दोषों के प्रहाणहेतु विकल्पों का सहारा लेकर स्नानादि करते हुए इष्टदेव की स्वामी के और स्वयं की सेवक के रूप में भावना कर अधिष्ठित होना चाहते हैं। ऐसे साधक क्रियातन्त्री कहलाते हैं। ये मन्त्र और अंजन आदि आठ लौकिक सिद्धियों का स्वतन्त्र रूप से आचरण करने की अभिलाषा से उनकी प्राप्ति हेतु मन्त्रावृत्ति कर साधना करते हैं[2]।

---

1. तो. 447, प० 285

2. ज्ञेयकोश, जि० 2, पृ० 581, तिब्बत से प्रकाशित 1982.

आचार्य सेरतोगपा ने क्रियातन्त्र के स्वरूप को इस प्रकार स्पष्ट किया है—क्रिया और चर्यातन्त्र के साधक सम्पूर्ण मार्ग को साधनास्थल, स्वतत्त्व, विद्यामन्त्र, आवृत्ति, अग्निस्थ, ध्वनिस्थ, ध्वनि-अन्तःस्थ समाधि, मन्त्र साधना प्रवेश विधि, होम और अभिषेक नामक दस तत्त्वों में संगृहीत कर ध्यान करते हैं। इन्हीं दस तत्त्वों को बोधि का अंग मानते हैं[1]।

ज्ञानसमुच्चय के वचनों की बुद्धगुह्य द्वारा की गई व्याख्या का उदाहरण देते हुए आचार्य चोङ्कापा कहते हैं कि क्रियातन्त्र के विनेयजन, जो देवयोग में एकाग्र होने से भयभीत होते हैं, अतिविशिष्ट आचरण के लोक-निन्दनीय होने से ऐसी चर्या को करने में असमर्थ हैं तथा उत्पत्ति, जरा, भंग आदि दोषों के कारण सभी धर्मों को सत्य मान कर साधना करते हैं। ऐसे विकल्पोन्मुख साधकों के लिये ही स्वयं देवभावना का और ज्ञान के आवेश का अभाव कहा है, सभी क्रियातन्त्र के साधकों के लिये नहीं। ऐसे विशिष्ट साधक जो स्वदेह देवभावना, ज्ञान-आवेश तथा राग में हास, दर्शन आदि मार्ग द्वारा आचरण करने की क्षमता रखते हों, उनके लिए अनुज्ञा है। इस प्रकार यहां क्रिया के सामान्य और विशिष्ट साधकों के स्तर के अनुसार स्वीकार किया गया है[2]।

सारांश में वही क्रियातन्त्र का स्वरूप है, जिसमें बाह्य आचरण स्नान आदि द्वारा पवित्रता पर और आभ्यन्तर मन्त्रादि आवृत्ति पर जोर देते हुए राग के चार स्तरों में से प्रथम अवस्था (हास) के मार्गीकरण की विधि बताई है।

क्रियातन्त्र का अभ्युदय

क्रियातन्त्र की देशना के प्रसंग में कहा जा चुका है कि भगवान् तथागत श्रावस्ती से तीन महीने के लिये त्रायस्त्रिंशत् लोक में अपनी माता को धर्मोपदेश द्वारा अनुगृहीत करने के लिए गये[3]। वहीं से समय-समय पर सुमेरु पर्वत आदि देवस्थानों में जाकर अनेक तन्त्रशास्त्रों की देशना को और पुनः जम्बूद्वीप लौट कर मगध, श्रावस्ती आदि विभिन्न स्थानों में विभिन्न प्रकार की अभिरुचि रखने वाले विनेयजनों को तन्त्र की देशना की। इनमें से क्रियातन्त्र को मंजुश्रीतन्त्र, अवलोकिते-

1. वज्रयान भूमिफलव्यवस्था, पृ० 17 ति० सं० तिब्बत पु० धर्मशाला से प्रका०। तो० 808, पृ० 225 में भी यही विषय आया है।
2. महामन्त्रक्रम, पृ० 87, तिब्बती संस्कृति विभाग धर्मशाला से प्रकाशित।
3. मंजुश्रीमूलकल्प 53, 48 द्र० आटानाटीय सूत्रनिकाय, भाग 3, 9वां सूत्र, पृ० 150, (दरभंगा संस्करण)।

श्वरतन्त्र, वज्रपाणितन्त्र, अचलतन्त्र, विद्यादेवीतन्त्र और उष्णीषतन्त्र नामक छः भागों में बांटा गया है[1] । यहां इसी क्रम में क्रियातन्त्र के अभ्युदय एवं प्रादुर्भाव पर प्रकाश डाला जा रहा है।

(1) **मंजुश्री से सम्बद्ध तन्त्र**

मंजुश्रीमूलकल्प की देशना तथागत ने शुद्धावास लोक में की। "एकस्मिन् समये भगवान् शुद्धावासोपरिगमनप्रतिष्ठितेऽचिन्त्याश्चर्याद्भुत..........बोधिसत्त्वसंनिपातमण्डलमाले विहरतिस्म" इत्यादि प्रकरण में इसका विवरण देखा जा सकता है[2] ।

(2) **अवलोकितेश्वरतन्त्र**

अवलोकितेश्वर से सम्बद्ध अनेक तन्त्र-ग्रन्थउपलब्ध हैं। उनमें से आर्य अमोघपाशतन्त्र की देशना भगवान् तथागत ने पोतला पर्वत[3] पर की, जो अवलोकितेश्वर का क्षेत्र कहलाता है। वहीं पर असंख्य बोधिसत्त्वों और रूपलोक के सत्त्वों को इसका उपदेश मिला[4] ।

(3) **अचलतन्त्र**

इसके भी अनेक उपविभाग मिलते हैं। इनमें आर्य अचलनामधारणी की देशना भगवान् ने त्रायस्त्रिंशत् लोक में समन्तभद्र, आकाशगर्भ, सर्वनीवरणविष्कम्भी, मंजुश्री, वज्रपाणि, अवलोकितेश्वर, मैत्रेय आदि दस भूमियों में रहने वाले बोधिसत्त्वों के साथ विहार करते समय मैत्रेय द्वारा निवेदन करने पर की[5] ।

(4) **वज्रपाणितन्त्र**

आर्यवज्रपाणि नीलाम्बरधर वज्रपालनाम तन्त्र का भगवान् तथागत ने पाताल लोक में नागराज, आनन्द, उपानन्द, बोधिसत्त्व वज्रपाणि आदि के साथ बिहार करते समय उपदेश किया[6] ।

(6) **उष्णीषतन्त्र**

इसके भी अनेक ग्रन्थ मिलते हैं। इनमें से आर्य महादण्डनामधारणी की भगवान्

---

1. बुस्तोन, जिल्द 24, पृ० 975, ति० सं० लोकेशचन्द्र द्वारा प्रकाशित।
2. महायानसूत्रसंग्रह, पृ० 1, मिथिला इंस्टीट्यूट, दरभंगा से प्रकाशित।
3. दक्षिण में धान्यकटक के नजदीक है।
4. तो० 682, प० 278
   तारनाथ का बौद्ध धर्म का इतिहास, दिङ्नागकालीन कथा, पृ० 77.
5. तो० 631, प० 69 ख।
6. तो० 499, प० 167

तथागत ने राजगिरि के गृध्रकूट पर्वत पर आयुष्मान् राहुलभद्र द्वारा निवेदन करने पर देशना की थी[1]।

इस प्रकार अन्य तन्त्र-ग्रन्थों की देशना भी जाननी चाहिये।

क्रियातन्त्र के भेद

क्रियातन्त्र और चर्यातन्त्र में कुल के दो भेद किये जाते हैं[2]। यथा—

1. लोकोत्तरकुल
2. लोककुल

लोकोत्तरकुल

लोकोत्तरकुल में तथागतकुल, पद्मकुल और वज्रकुल नामक तीन कुल आते हैं। ये क्रमशः उत्तम, मध्यम और अधम कहलाते हैं। बुद्धगुह्य तीन कुलों के अभिप्राय को स्पष्ट करते हुए कहते हैं कि[3] तथागतकुल सभी धर्मों का यथावत् ज्ञान कर अतीत में जैसे अनन्त बुद्ध और बोधिसत्त्व बने, उसी मार्ग में तद्वत् गमन कर बोधि का लाभ करने वाले तथागत कुल के कहलाते है, जैसे भगवान् शाक्यमुनि। तथागततत्त्वसंग्रह तन्त्र में भी कहा है[4]—

स्वचित्तप्रतिवेद्यादि बुद्धबोधिर्यथाविधि।
स एव भगवान् सर्वतथागतकुलं भवेत्॥
तथागतकुलं सैव सैव वज्रकुलं स्मृतम्।
सैव पद्मकुलं शुद्धं सैवोक्तं मणिसत्कुलम्॥

साधक का स्वचित्त भी तथागतों के काय, वाक्, चित्त सदृश है। उसे यथावद् जानना ही तथागत कुल है। तथागततत्त्वसंग्रह आदि अनेक तन्त्र ग्रन्थों में 'ॐ वज्रात्मकोऽहम्, ॐ चित्तप्रतिवेधं करोमि' आता है। जो अ, उ, म् तीन अक्षरों से सम्पन्न त्रिवज्रसदृश है। उसका प्रतिवेद्य करना ही तथागत कुल कहलाता है। इससे भी यह सिद्ध होता है कि तत्त्व ही कुल है और जिस मार्ग के बल से साधक उसका साक्षात्कार करता है, उसी कुल का वह साधक माना जाता है।

पद्मकुल

क्लेशरहित होकर रात-दिन छः प्रहरों में असहाय प्राणियों को देखकर करुणा से द्रवीभूत होकर प्राणियों के उद्धार हेतु प्रयत्नशील साधक पद्मकुल का कहलाता है। यहां अवलोकितेश्वर और उनके द्वारा अधिष्ठित तारा आदि इस कुल के देवी-देवता हैं।

---

1. तो० 608, प० 37 ख
2. सामान्यतन्त्र, खसडुब जे, जि० 4, प० 29, ति० सं०।
3. तो० 267, प० 101
4. लोकेशचन्द्र द्वारा प्रकाशित, पृ० 138।

वज्रकुल

बौद्ध शासन का रक्षक तथा शासन के शत्रुओं का दमन करने वाला वज्रकुलिक कहलाता है। यथा बोधिचित्त समन्तभद्र और षट्पारमिता द्वारा उद्भूत ज्ञानक्रम द्वारा अधिष्ठित चण्ड, चण्डी आदि वज्रकुलिक हैं।

पुनः त्रिकुल के आभ्यन्तर भेद अनेक हैं[1]। जैसे तथागत कुल के आठ भेद हैं—प्रधानकुल, अधिपतिकुल, मातृकुल, उष्णीषकुल, क्रोधकुल, दूत-दूतीकुल, बोधिसत्त्वकुल और शुद्धावासिककुल।

1. प्रधानकुल में त्रिसमयव्यूहराज तन्त्र आदि अनेक ग्रन्थ आते हैं[2]।
2. तथागत अधिपतिकुल का मुख्य ग्रन्थ आर्यमंजुश्रीमूलकल्प[3] है।
3. मातृकुल में महामायूरी विद्याराज्ञी[4] आदि हैं।
4. उष्णीषकुल में आर्य सर्वतथागतसितातपत्रनाम अपराजिता प्रत्यङ्गिरा महाविद्याराज्ञी[5] आदि आते हैं।
5. तथागत क्रोधकुल में विजय कल्पगुह्यतन्त्र आदि अनेक ग्रन्थ आते हैं।
6. दूत-दूतीकुल में आर्यभद्र-रात्रिनामसूत्र[6] की गणना है।
7. तथागत बोधिसत्त्वकुल में आर्यमैत्रेयनाम-अष्टोत्तरशतकधारणी संहिता[7] आदि आते हैं।
8. तथागत शुद्धावासिक देवकुल में आटानाटीयसूत्र[8] आदि ग्रन्थ आते हैं।

ऊपर निर्दिष्ट ग्रन्थों में से जिस ग्रन्थ का अनुकरण कर साधक अपनी साधना का अभ्यास करता है, वह उसी कुल का कहलाता है।

पद्मकुल के पांच उपभेद हैं—प्रधानकुल , अधिपतिकुल, मातृकुल और आज्ञाकारीकुल।

1. प्रधानकुल में आर्य अपरिमितायु र्ज्ञान नाम महायानसूत्र[9] आदि ग्रन्थ गिने गये हैं।
2. अधिपतिकुल में आर्य अवलोकितेश्वर पद्मजालमूलतन्त्रराजनाम[10] आदि ग्रन्थ आते हैं।
3. मातृकुल में सर्वतथागतमातृताराविश्वकर्मभवतन्त्रनाम[11] आदि धारणी और अनेक सूत्र-ग्रन्थ आते हैं।
4. क्रोधकुल में आर्य अवलोकितेश्वर हयग्रीव धारणी[12] आदि हैं।

---

1. बुस्तोन जि० 14 प्र० 949, ति० सं०। 2. तो० 502, प० 181-247
3. तो० 543, प० 105-351 4. तो० 559, प० 87-117 5. तो० 590, प० 205-212
6. तो० 617, प० 56-58, 7. तो० 635, प० 107-109, 8. तो० 656, प० 149-162,
9. तो० 675, प० 216-220, 10. तो० 681, प० 224-278, 11. तो० 726, प० 202-217,
12. तो० 733, प० 225,

5. आज्ञाकारीकुल में आर्य महालक्ष्मीसूत्र[1] आदि अनेक मन्त्र, स्तोत्र और धारणी संगृहीत हैं।

वज्रकुल के भी प्रधानकुल, अधिपतिकुल, मातृकुल, क्रोध-क्रोधितकुल और दूत-दूती अथवा आज्ञाकारीकुल नामक पांच उपभेद हैं—

1. प्रधानकुल में आर्य सर्वकर्मावरणविशोधनीयनाम धारणी[2] आदि ग्रन्थ हैं।
2. अधिपतिकुल में आर्य वज्रपातालनाम तन्त्रराज[3] आदि हैं।
3. मातृकुल में आर्यवज्रजितानल प्रमोहनीनाम[4] धारणी आदि हैं।
4. क्रोध-क्रोधितकुल में आर्यजयवतीनाम महाविद्याराज[5] आदि हैं।
5. दूत-दूती अथवा आज्ञाकारीकुल में महाबलनाम महायान[6] सूत्र आदि अनेक सूत्र, धारणी, मन्त्र, स्तोत्र और तन्त्रग्रन्थों का समावेश है।

यहां ये भेद बुस्तोन, जिल्द 14 वीं और खसडुबजे के सामान्यतन्त्र जिल्द ९वीं के आधार पर लिखे गये हैं। 'धीः' के 5वें अंक में इनका विस्तृत परिचय श्री बनारसीलाल ने दिया है[7]।

लोककुल के आभ्यन्तर तीन भेद हैं—मणिकुल, पंचकुल (यह पुष्टिकुल भी कहलाता है) और लोककुल (सामान्य देव-देवासुर)।

1. मणिकुल में आर्य मणिभद्रनामधारणी,[8] आर्य जम्भलजलेन्द्रयथालब्धकल्पनाम आदि आदि ग्रन्थ आते हैं।
2. पंचकुल में आर्य मेखलानामधारणी[9] आदि आते हैं।
3. लोककुल में आर्य मन्त्रराज महाश्वास[10] आदि आते हैं।

इन कुलों का यदि हम अन्तर्भाव करना चाहें, तो तीन भागों में कर सकते हैं। मणिकुल का पद्मकुल में, पुष्टि या पंचकुल का वज्रकुल में तथा अन्य सभी लौकिक देवता लोककुल में सम्मिलित हो जाते हैं। सुबाहुपरिपृच्छासूत्र टीका पिण्डार्थविधि में[11] कहा है कि जो इन तीन कुलों में संगृहीत नहीं होंगे, वे तथागत द्वारा अधिष्ठित और आविर्भूत भी नहीं माने जायेंगे। वहीं

---

1. तो० 740, पृ० 234-235, 2. तो० 743, पृ० 236, 3. तो० 744, पृ० 237-266,
4. तो० 752, पृ० 1-4, 5. तो० 567, पृ० 186-191, 6. तो० 757, पृ० 8-19।
7. दुर्लभ बौद्ध ग्रन्थ शोध योजना पत्रिका, "धीः", पृ० 64–82
8. तो० 764, पृ० 56। 9. तो० 772, पृ० 105–111
10. तो० 773, पृ० 111–112.
11. तो० 2673, पृ० 104,

यह भी कहा गया है कि यद्यपि ये लौकिक देवी-देवता अपना लौकिक रूप धारण कर लोक में विचरण करते रहते हैं, लेकिन तथागतों द्वारा दमित होकर ये समय में स्थित रहते हैं और उनका पालन करते हैं। अतः ये तथागतकुल में आश्रित माने जाते हैं। लोककुल में ब्रह्मा, गरुड़, सूर्य, चन्द्र आदि अनेक देवता आते हैं।

प्रायः कुल की पहचान उनके मन्त्रों से भी की जा सकती है[1]। यथा तथागतकुल के मन्त्र "नमो रत्नत्रयाय, नमो बुद्धाय, नमो धर्माय, नमो संघाय" से शुरू होते हैं। पद्मकुल के "नमो आर्य-अवलोकितेश्वराय बोधिसत्त्वमहासत्त्वाय महाकारुणिकाय" आदि से शुरू होते हैं। मणिकुल के "नमो मणिभद्राय महायक्षसेनापतये" आदि से शुरू होते हैं। पंचक एवं पुष्टिकुल के मन्त्र "नमः पञ्चकाय नमो मेखलाय" आदि से शुरू होते हैं। लोककुल के मन्त्र अपने अधिपति के नमन के साथ शुरू होते हैं, अतः एक निश्चित निर्धारण नहीं हो सकता।

कुलभेद का प्रयोजन

जैसे सरस्वती को विद्या का, कुबेर और गणेश को धन और मंगल आदि का देवता माना जाता है, वैसे ही यहां भी प्रधानतया तथागत कुल शान्ति कर्म की सिद्धि हेतु, पद्मकुल पुष्टि कर्म की सिद्धि हेतु और वज्रकुल रौद्र कर्म की त्वरित सिद्धि के हेतु माने जाते हैं। तथागत कुल द्वारा पुष्टि और रौद्र कर्म की सिद्धि के अभिलाषी एवं पात्रों के पुनः अभ्यन्तर भेद किये जाते हैं। जैसे तथागत का प्रधान कुल शान्ति कर्म की सिद्धि के लिये, तथागत का अधिपति कुल पुष्टि और क्रोधकुल रौद्र कर्म की साधना के लिये उपयुक्त माना जाता है, उसी प्रकार अन्य पद्मकुल और वज्रकुल को भी जानना चाहिये।

साधना विधि

क्रियातन्त्र की साधना के चार अंग हैं। इनको चर्या भी कहा जाता है। इनके नाम ये हैं— प्रवेशचर्या, योगचर्या, साधनचर्या, और सिद्धिचर्या।

(क) प्रवेशचर्या

क्रियातन्त्र में प्रवेश हेतु जल और पट नामक अभिषेकों की आवश्यकता होती है। (जल) कलशाभिषेक की प्राप्ति से साधक धर्मकाय प्राप्ति का भागी बनता है पटाभिषेक से सम्भोगकाय की प्राप्ति का भागी बनता है। जलाभिषेक में बाह्य मण्डलों के प्रवेश हेतु कलशाभिषेक, द्वितीय मण्डल में प्रवेश हेतु सर्वदेव-कलशाभिषेक, तृतीय श्रावक और प्रत्येकबुद्ध कलश, चौथा बोधिसत्त्व कलश तथा पांचवां बुद्धकलश एवं जिनविजय कलशों से जलाभिषेक किया जाता है। पटाभिषेक

1. बुस्तोन, जि० 14, पृ० 960

साधक के सिर पर हस्तमुद्रा आदि के द्वारा किया जाता है। इस प्रकार क्रियातन्त्र के इन दो प्रमुख अभिषेकों की प्राप्ति करने के पश्चात् अपने-अपने समय-संवर[1] का पालन करना पड़ता है। उसी के साथ-साथ क्रियातन्त्र के विभिन्न आम्नायों के अनुसार वज्राचार्यत्व की प्राप्ति हेतु जल और पटाभिषेक एवं विद्यामन्त्र की सिद्धि हेतु जिस देव पर साधक का पुष्प गिरे, उस देव के मन्त्र जप-हेतु मन्त्र व्याकरण जरूरी होता है। साधक की साधना के समय आने वाले] विघ्नों से रक्षा के लिए स्नानाभिषेक और ऐश्वर्य की वृद्धि हेतु अष्टमांगलिक द्रव्यों का अभिषेक भी दिया जाता है। यद्यपि यह जल और पटाभिषेक में निहित है, फिर भी विनेयजनों की योग्यता को देखते हुए विस्तार हेतु इस प्रकार का विधान भी अपेक्षित है[2]।

कुलों में भी तथागतकुल का अभिषेक प्राप्त होने से सभी प्रधान कुल, अधिपतिकुलों का अभिषेक भी प्राप्त हुआ माना जा सकता है। तथैव पद्मकुल और वज्रकुल को भी मानना चाहिये[3]। क्रियातन्त्र में अभिषेक हेतु मृण्मय मण्डल की ही प्रधान व्यवस्था है। चित्तमण्डल, देहमण्डल आदि की व्यवस्था वहां नहीं है[4]।

(ख) योगचर्या

इसके दो भेद होते हैं—1. गौण प्रयोगचर्या और 2. प्रमुख प्रयोगचर्या।

1. क्रियातन्त्री को जिस देव की साधना करनी हो, उसका पट चित्र या मूर्ति, सहायक, द्रव्य (पदार्थ) साधना के प्रति समर्पित भावना, उचित देश–पहाड़, कन्दरा आदि साधना स्थान, वसन्त ऋतु और उषाकाल आदि 10 अंगों से परिपूर्ण होकर साधना का आरम्भ करना चाहिये[5]। यह गौण प्रयोगचर्या है।

2. प्रधान (प्रमुख) प्रयोगचर्या के चार अंग है—स्वतत्त्व की भावना, देवतत्त्व की भावना, जपभावना और ध्यानतत्त्व भावना।

1. स्वतत्त्व की भावना

तन्त्र में प्रवेश हेतु अभिषेक प्राप्त करने के बाद ही साधक तन्त्र की साधना करने का

---

1. क्रियातन्त्र के साधक को 30 संवरों का पालन करना पड़ता है।
2. ज्ञेयकोश, जिल्द 2, पृ० 583 में गुह्यसामान्यतन्त्र को उद्धृत कर स्पष्ट किया है।
3. ज्ञेयकोश, जि० 2, पृ० 583, ति० सं०।
4. वहीं, पृ० 584.
5. तो० 808 ध्यानोत्तरपटलक्रम, प० 224

अधिकारी बनता है। अन्यथा तन्त्र की साधना निष्फल होती है[1]। क्रियातन्त्र में कलशाभिषेक की प्राप्ति के पश्चात् साधक धर्मकाय की प्राप्ति का भागी बन जाता है। वह धर्मकाय के हेतुभूत ज्ञान, संभार एवं षड् धर्मों से युक्त स्वतत्त्व की, शून्यता की भावना करता है। षड्धर्मयुक्त शून्यता की भावना करते समय पहले साधक को स्नानादि कर शुद्ध होना चाहिये। तब अपनी रक्षा के लिये रक्षाचक्र की भावना करनी चाहिये। उसके पश्चात् अपने इष्टदेव का आह्वान कर उसको अपने सम्मुख स्थापित पट, चित्र या मूर्ति में प्रतिष्ठित कर उसकी पूजा, अर्चना करनी चाहिये[2]। उसके पश्चात् इष्टदेव के सदृश आसन लगाकर धर्मकाय की प्राप्ति के मार्ग षड्धर्म से युक्त चतुष्कोटि निष्प्रपंच महाप्रभास्वर में स्थित होना चाहिये। षड्धर्म ये हैं—1. ग्राह्य-ग्राहक आदि विकल्पों का अभाव, 2. निर्विकल्प की निराभासता, 3. सूक्ष्म कणादि रूपों का अभाव, 4. सभी निमित्तों का अभाव, 5. इन सभी विकल्पों से रहित शून्यता, जो प्रसज्य न होकर प्रभास्वर हो, 6. स्व-स्वभाव प्रतिस्वसंवेद्य समाधि (यथा धर्मता (विषय) तथा ज्ञानविषयी का अद्वय भाव में स्थित होना)। ये छः धर्म ही धर्मकाय की प्राप्ति के मार्ग हैं[3]।

2. **देवतत्त्व की भावना**

देवतत्त्व रूपकाय की प्राप्ति का मार्ग कहलाता है। इसके छः भेद हैं[4]। यथा—शून्यदेव, अक्षरदेव, ध्वनिदेव, रूपदेव, मुद्रादेव और निमित्तदेव।

1. **शून्यदेव (तत्त्वदेव)**—स्वचित्त और इष्टदेव परमार्थ में अभिन्न बोधिचित्त स्वभाव से शून्य है, ऐसा प्रतिपादन कर उसमें स्थित होना ही तत्त्वदेव भावना कहलाती है।

2. **अक्षरदेव**—साधक को जिस इष्टदेव की भावना करनी हो, पहले अपने शरीर को शून्य आकाश में परिवर्तित कर, स्वचित्त चन्द्रमण्डल में परिणत हुआ सोचकर, उस स्वचित्त चन्द्रमण्डल में उसके मन्त्रबीज का न्यास कर उसमें एकाग्र होकर स्थित रहना ही अक्षरदेव की भावना कहलाती है।

3. **ध्वनिदेव**—स्वचित्त चन्द्रमण्डल के मध्य मन्त्रबीज से अनायास ध्वनि गूँज रही है, ऐसा मानकर उसमें समाहित रहना ही ध्वनिदेव भावना कहलाती है।

4. **रूपदेव**—आकाश मण्डल में स्वचित्त चन्द्रमण्डल सदृश भावना कर उसके मध्य में जिस इष्टदेव के मन्त्रबीज का न्यास करने से अक्षरदेव और ध्वनिदेव की भावना विधि द्वारा चित्त

1. तो० 420, महामुद्रा तिलक, प० 66 ख।
2. तो० 2680 आर्यवज्रविधारणानामधारणी टीकारत्नभास्वर, प० 179
3. ज्ञेयकोष, जिल्द 2, पृ० 686
4. वहीं

एकाग्र हुआ था, उसी बीजमन्त्र से पंचरश्मिपुंज विकुर्वित होकर उस पर आराध्य देवियां दसों दिशाओं में विराजित बुद्ध और बोधिसत्त्वों की पूजा, अर्चना कर रही हैं, ऐसा सोचना चाहिये। उसके बाद फिर प्रकाशपुंज, नरक, प्रेत, तिर्यक्, मनुष्य आदि छः योनियों तक फैल कर सम्पूर्ण प्राणि मात्र के पापों का क्षय कर उनको पुण्यसंभार से भर दिया है, ऐसा पुनः पुनः गहराई से सोचना चाहिए। उसके पश्चात् बीजमन्त्र को अपने इष्टदेव में परिणत हुआ सोच कर एकाग्र होना चाहिये। यही रूपदेव की भावना है।

5. **मुद्रादेव**—हस्तमुद्रा द्वारा अपने उष्णीष, ललाट, कण्ठ आदि का स्पर्श करने पर स्वयं समयमुद्रा से अधिष्ठित हुआ, ऐसी भावना करना ही मुद्रादेव की भावना कहलाती है।

6. **निमित्तदेव**—साधक जिस इष्टदेव और स्वचित्तमण्डल को अभिन्न मान कर समाहित हुआ था, उससे ऊपर उठने पर पृष्ठलब्धि में सभी भाजन और सत्त्वलोक शुद्धाभास हैं, अर्थात् अपने इष्टदेव का स्थान और कायसामग्री हैं, ऐसी भावना करना निमित्तदेव की भावना कहलाती है।

षड्देवत्व की भावना में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्राणायाम का अभ्यास किया जाता है।[1] प्राणायाम शब्द यद्यपि अनुत्तरतन्त्र और क्रियातन्त्र दोनों में मिलता है, लेकिन इनकी विधि बिलकुल भिन्न है। जैसे गुह्यसमाज में प्राण (आयु) वायु है, अपान वह वायु है, जो प्राण को दीर्घता प्रदान करती है। अतः प्राण-अपान को बाँधना, उनको रोकना ही प्राणायाम है[2]।

कालचक्र में ललना और रसना में चलने वाली वायु को रोककर उसको मध्यमा में प्रवेश कराने का प्रयास करना ही प्राणायाम कहलाता है[3]। यहाँ प्राण और अपान पर, श्वास-प्रश्वास पर नियन्त्रण स्थापित करने पर वहीं विकल्प को उठने से रोकना है। तब उसकी बाह्य गति रुक जाती है, उसका आभ्यन्तर शुद्ध हो जाता है और इष्टदेव का आभास प्रकट होने लगता है[4]।

1. तो० 2670, ध्यानोत्तरतन्त्रटीका, प० 14.

2. तमेवोच्चप्रवृत्तश्वासं पञ्चवर्णं पञ्चतथागतात्मकमत एव महारत्नं प्राणोज्जीवितम् आयाम्यते दीर्घं विस्तार्यते येनेति स प्राणायामः। (प्रदीपोद्योतन, पृ० 118)

पञ्चज्ञानमयं श्वासं पञ्चभूतस्वरूपकम्।
निश्चार्य पद्मनासाग्रे पिण्डरूपेण कल्पयेत्॥
पंचवर्णं महारत्नं प्राणायाम इति स्मृतम्॥ (वहीं, पृ० 117)

3. प्राणायामो द्विमार्गस्खलनमपि भवेन्मध्यमे प्राणवेशो (4.116)

4. तो० 2617 बुद्धगुह्य रचित ध्यानोत्तरतन्त्र की टीका, प० 14

प्राणायाम करने का समय भी अलग-अलग अवस्था में अलग-अलग है। अनुत्तरतन्त्र में निष्पन्नक्रम की भावना करते समय ही प्राणायाम की भावना की जाती है, अन्य अवस्था में नहीं। यहां निमित्तदेव की भावना में प्राणायाम किया जाता है। प्राणायाम के प्रयोजन भी अलग-अलग हैं। अनुत्तरतन्त्र में वायु को अवधूती में प्रवेश कराने के लिये प्राणायाम किया जाता है। यहां सिर्फ विकल्प को रोकने के लिये यह किया जाता है। विकल्पों को बांधने से देवता का आभास स्पष्ट प्रकट होने लगता है। प्राणायाम की विधि में भी भेद है। अनुत्तरतन्त्र में उष्णीषचक्र में स्थित पितृलब्ध शुक्र और नाभिचक्र में स्थित मातृलब्ध शोणित की ऊर्ध्व और अधोगति से उत्पन्न महासुख की अनुभूति द्वारा महाशून्यता का साक्षात्कार होता है। यहां विकल्पों को रोक कर देवभावना को एकाग्र चित्त से ग्रहण करते हुए आलम्बन में स्थित होकर देव-आभास प्रकट करने के लिये चित्तवृत्ति को एकाग्र किया जाता है।

3. जप भावना

जप की दो विधियां हैं—(क) पूर्वकर्म, (ख) प्रधान भावना। (क) ध्यानोत्तरतन्त्र[1] की व्याख्या के अनुसार स्नानादि से पवित्र होकर अपने सम्मुख इष्टदेव का आवाहन कर पूजा, अर्चना करना तथा बोधिचित्त उत्पन्न करना आदि विधियों को पूर्वकर्म कहते हैं। (ख) प्रधान भावना में चार अवयवों से युक्त होकर प्राणायाम के साथ जप किया जाता है। इसके चार अंग हैं—आश्रयदेव, आश्रित बोधिचित्त, बीजमन्त्र से अनायास उत्पन्न होने वाली ध्वनि और प्राणायाम में मन्त्रजप के अनिवार्य तत्त्व।

अपने सम्मुख इष्टदेव के स्पष्ट और परिपूर्ण रूप की भावना करना आश्रयदेव है। आश्रयदेव की हृदय में स्वचित्तचन्द्रमण्डल की भावना को ही आश्रित बोधिचित्त कहते हैं। उसके ऊपर अपने इष्टदेव के मन्त्रबीज को सहजभाव से उच्चरित होने की भावना करना बीजमन्त्र ध्वनि है। इन तीन अवयवों को सुस्पष्ट रूप से भावना कर प्राणायाम करना चाहिये। अर्थात् वायु को रोक कर अपने सम्मुख स्थित तीनों अंगों से युक्त आलम्बन में स्थिर होकर मन में ही मन्त्र की आवृत्ति करनी चाहिये। मन्त्र जप करते समय अपने सम्मुख भावित इष्टदेव के हृदय में भी अपनी ही तरह मन्त्र का उच्चारण हो रहा है, ऐसा सोचना चाहिये और वायु को जितना हो सके रोकना चाहिये। वायु को छोड़ते समय स्वयं को इष्टदेव से अभिन्न मानकर इष्टदेव का अहंकार करना चाहिये। मन्त्रजप करते समय इकार, उकार आदि की दीर्घ, लघु आदि मात्राओं का पूरा-पूरा तथा स्पष्ट उच्चारण होना चाहिये। जप करते-करते थक जाने पर विश्राम हेतु निर्विकल्प

1. तो० 2617, पृ० 14–15

स्वतत्त्व में समाहित हो जाना चाहिये। विश्रामकाल के अतिरिक्त अपने सम्मुख इष्टदेव के आलम्बन में तब तक एकाग्र मन से स्थित रहना चाहिये, जब तक कि देव और स्वयं में अभिन्नता का आभास न होने लगे। यह क्रियातन्त्र, अर्थात् स्वदेह में इष्टदेव की भावना का अभाव मानने वालों की पद्धति के अनुसार मन्त्र की जपविधि है। जो विद्वान् क्रियातन्त्र में स्वदेह देवकाय की भावना विधि को स्वीकारते हैं, वे ऊपर कहे तीन अंगों से युक्त होकर अपने में भी इष्टदेव की भावना कर प्राणायाम करते समय श्वास अपने हृदय में स्थित हो गया है, अर्थात् आश्रय-आश्रित बीजमंत्र सहित अधिक प्रभामय हो गया है, ऐसा सोच कर नौ द्वारों को बन्द कर मन्त्र बीज में मन लगा कर जप करते हैं। सांस छोड़ते समय प्रश्वास अपने सम्मुख बाहर स्थित इष्टदेव के मण्डल में प्रविष्ट हो गया है, ऐसी भावना करते हैं।

4. ध्यानतत्त्व की भावना

ध्यानतत्त्व की भावना के तीन भेद हैं—(क) अग्निस्थ, (ख) ध्वनिस्थ, (ग) और ध्वनि अन्तःस्थ।

(क) अग्निस्थध्यान

अपने सम्मुख भावना किये इष्टदेव के हृदय-चन्द्रमण्डल के मध्य चारों ओर दीपक की लौ सदृश अत्यन्त शान्त अविच्छिन्न बीजाक्षर स्थित है, ऐसा सोच कर प्राण और अपान को बांध कर जहां तक हो सके सांस रोक कर आलम्बन में एकचित्त होना ही अग्निस्थ ध्यान कहलाता है। इससे शान्ति कर्म[1] आदि की सिद्धि में सहायता मिलती है।

(ख) ध्वनिस्थ ध्यान

इष्टदेव को हृदयकमल चन्द्रमण्डल के ऊपर चारों ओर अग्निपुंज सदृश मन्त्रबीज से अलंकृत कर कुछ क्षण तक उसमें चित्त लगा कर देखते रहना चाहिये। उसके पश्चात् क्रमशः बीजाक्षर लुप्त हो रहे हैं और उसके पश्चात् उनके स्थान से मन्त्र की ध्वनि उत्पन्न हो रही है, ऐसी भावना करते हुए पूर्ववत् प्राणायाम कर एकाग्र होना चाहिये। यहां प्राणायाम का तात्पर्य सभी छिद्रों से प्रवेश होने वाली प्राण वायु के और उनसे निकलने वाली अपान वायु के अर्थात् श्वास-प्रश्वास के निरोध से है। इनको रोक कर चन्द्रमण्डल से अनायास उत्पन्न हो रही घण्टी की ध्वनि के सदृश मन्त्र की ध्वनि में स्थित होना ही ध्वनिस्थित ध्यान कहलाता है।

(ग) ध्वनि-अन्तःस्थ ध्यान

इस ध्यान में स्थित होने से शब्द एवं मन्त्र की ध्वनि का भी धीरे-धीरे विचार करने पर

---

1. तो० 808 ध्यानोत्तरतन्त्रपटलक्रम, पृ० 224.

उत्पत्ति, स्थिति, भंग एवं निरोध से रहित निर्विकल्प स्वतत्त्व में समाहित होने पर अधिप्रज्ञा नामक ज्ञान का उदय होता है, जो मोक्ष और सर्वज्ञता का उपादान बनता है।

उल्लिखित साधनाविधि प्रमुख रूप से बुद्धगुह्य विरचित ध्यानोत्तरतन्त्र की टीका (तो० 2070, पत्र 1-38) का आधार लेकर लिखी गई है।

(ग) साधनाचर्या

सुबाहुपरिपृच्छासूत्र में कहा है कि विधिवत् मन्त्रजप के पश्चात् यदि मन्त्र की सिद्धि करना चाहे, तो उसे साधना की चर्या करनी चाहिये। यहां यह ध्यान देने की बात है कि यदि मन्त्र का साधक बोधिचित्तोत्पाद के अभाव में मन्त्रजप की निश्चित संख्या को पूरा कर ले, तो वह श्रावकयानी आदि के फल को तो प्राप्त कर लेगा, किन्तु उसे वज्रधर पद की प्राप्ति नहीं होगी। अतः मन्त्रयानी के लिये बोधिचित्त उत्पन्न करना अनिवार्य होता है।

क्रियातन्त्र का साधक कुल के अनुसार तीन प्रकार की सिद्धि को प्राप्त करता है—तथागत कुल से शान्तिकर्म, पद्मकुल से पुष्टिकर्म और वज्रकुल से रौद्रकर्म। पुनः कुलों के आभ्यन्तर भेद से प्रधानकुल से शान्ति, अधिपतिकुल से पुष्टि, क्रोध-क्रोधिकुल से रौद्र कर्म की सिद्धि होती है। स्वरूपगत क्रियातन्त्री तीन प्रकार की सिद्धि को प्राप्त करता है—उत्तम क्रियातन्त्री विद्याधर पद को, मध्यम अभिज्ञा आदि पांच ज्ञानों को और कनिष्ठ क्रियातन्त्री सभी शास्त्रों का सूक्ष्म ज्ञान और लघिमा आदि एवं रस-रसायन त्वरितगमन, वशीकरण, मारण आदि क्षुद्र सिद्धियों को प्राप्त करता है। आश्रय (वस्तु) आदि सिद्धियों के अनुसार ये क्रियातन्त्री क्रमशः कामसिद्धि, द्रव्यसिद्धि और संभोगसिद्धि के भागी बनते हैं। इन सिद्धियों की प्राप्ति के लिये मन्त्रजप की संख्या पूर्ण होने पर ही साधना की चर्या करनी चाहिये, अन्यथा नहीं।

साधनाचर्या के दो नियम हैं—सामान्य साधना और विशेष साधना। सामान्य साधना में तीनों कालों में अपने इष्टदेव की विधिवत् पूजा, अर्चना, पापदेशना, अभ्यर्थना, परिणामना आदि करनी चाहिये, तथा सूत्रान्तों का पाठ करना चाहिये। इस प्रकार की साधना करते समय अपने सम्मुख स्थापित मूर्ति या स्तूप आदि से आभा का प्रकट होना, साधना में भूख-प्यास आदि का न लगना, शरीर में स्फूर्ति का अनुभव होना, स्वप्न में इष्टदेव का दर्शन होना—ये सब साधना की सिद्धि के लक्षण होते हैं। इस प्रकार के लक्षणों के प्रकट होने पर अपने गुरु से पूछ कर सिद्धि की चर्या करनी चाहिये।

विशेष साधना में खड्ग आदि लेकर मन्त्रजप और होम करना चाहिये। खेचर आदि शुद्ध क्षेत्र में जाकर और अंजन आदि का सेवन कर चर्याओं का आचरण करना चाहिये, उसे

विद्याधरपद की प्राप्ति का प्रयास करना चाहिये। स्वदेह को अत्यन्त सूक्ष्म कर ईश्वर के अष्ट गुणों को प्राप्त करना चाहिये।

(घ) सिद्धिचर्या

सामान्यत: क्रियातन्त्र की साधनाविधि की सिद्धिचर्या के अनुसार चर्या करने पर साधक जैसी चाहे सिद्धि को प्राप्त कर सकता है। ऊपर कहा जा चुका है कि बोधिचित्तोत्पाद के अभाव में इसी साधना से श्रावक पद और लोक-लोकोत्तर सभी हीन, मध्यम, उत्तम सिद्धियों को प्राप्त कर सकता है। अत: उद्देश्य उत्तम और परमपद होना चाहिये। क्रियातन्त्री की साधना का उद्देश्य तुच्छ और क्षुद्र सिद्धियां नहीं होतीं, वह तो बुद्धत्व को प्राप्त करना होता है।

क्रियातन्त्र की साधना के अनुसार बुद्धत्व की प्राप्ति के लिये आठ कल्प या तीन कल्प का समय लगता है। साधक के तीव्र प्रयास से एक जन्म में भी परमपद को प्राप्त करने की बात मंजुश्रीमूलकल्प आदि क्रियातन्त्र के ग्रन्थों में आती है।

क्रियातन्त्र में पांच मार्ग और दस भूमियां

क्रियातन्त्र के अनुसार पांच मार्ग और दस भूमियों की व्याख्या एवं व्यवस्था इस प्रकार है—

1. क्रियातन्त्र का अभिषेक प्राप्त कर लेने के पश्चात् साधक क्रियातन्त्र की साधना से सम्यक्संबोधि की प्राप्ति करूँ, ऐसी अकृत्रिम (अनायास) अभिलाषा की उत्पत्ति से लेकर, ध्वन्यन्त ध्यान भावना के बल से शून्यता का बोध कराने वाली विपश्यना (दर्शन) का साक्षात्कार होने से पूर्व तक का मार्ग क्रियातन्त्र का संभार-मार्ग कहलाता है।

2. विपश्यना बोध से लेकर विपश्यना ध्यान भावना द्वारा शून्यता के साक्षात्कार के पूर्व क्षण तक की अवस्था एवं मार्ग प्रयोग-मार्ग कहलाता है।

3. विपश्यना समाधि के द्वारा शून्यता का साक्षात्कार कर भावना मार्ग द्वारा प्रहेयधर्म, महाक्लेशावरण के स्थूल अंश के प्रतिपक्ष की उत्पत्ति तक का मार्ग दर्शन-मार्ग (प्रमुदिता भूमि) कहलाता है।

4. भावना मार्ग द्वारा प्रहेयधर्म, महाक्लेशावरण से लेकर सूक्ष्म अतिसूक्ष्म आवरणों का क्षय कर बुद्धत्व को प्राप्त कराने वाली वज्रासन नामक समाधि के पूर्वक्षण तक की अवस्था भावना मार्ग कहलाती है। इसमें विमला ,प्रभाकरी आदि 9 भूमियाँ हैं[1]। भावना मार्ग का प्रहेय

1. विमला, प्रभाकरी, अर्चिष्मती, सुदुर्जया, अभिमुखी, दूरङ्गमा, अचला, साधुमती और धर्ममेघा।

क्लेशावरण और ज्ञेयावरण है। क्लेशावरण के स्थूल, मध्यम और सूक्ष्म, उसी प्रकार मध्यम और सूक्ष्म आवरण के भी तीन-तीन भेद कर 9 भेद किये जाते हैं, जो भूमियों के प्रहेय धर्म कहलाते हैं। इन 9 क्लेशावरणों और अपनी-अपनी भूमियों के ज्ञेयावरणों के नाश होने पर क्रमशः साधक ऊपर की भूमियों को प्राप्त करता है।

5. क्रियातन्त्र की सम्यक् संबोधि की अवस्था ही अशैक्षिक मार्ग एवं परम पद है।

उपसंहार

ज्ञानसमुच्चय में क्रियातन्त्र के साधक के लिये कहा गया है कि वहां स्वदेह में देवकाय की भावना का अभाव है। इस उक्ति को लेकर विद्वानों में मतभेद है। जोनङ् जेचुन आदि यहां स्वदेह में देवकाय की भावना का अभाव स्वीकारते हैं। आचार्य चोङ्कापा आदि अनेक विद्वानों ने क्रियातन्त्र में स्वदेह में देवभावना की पद्धति को स्वीकारा है और इसके समर्थन में अनेक आगमवचन और युक्तियां दी गई हैं। आचार्य कर्माठिनलस् आदि ने क्रियातन्त्र के साधक के प्रधान और गौण दो स्तर माने हैं तथा कहा है कि प्रधान साधक स्वदेह में देवता की भावना करता है। दूसरा मात्र अपने सम्मुख देवता की भावना कर मन्त्र का जप करता है। यही अन्तिम पक्ष न्याय-संगत प्रतीत होता है, क्योंकि क्रियातन्त्र के अनेक प्रामाणिक ग्रन्थों में स्वदेह में देवभावना का होना और न होना दोनों प्रचुर मात्रा में आते हैं[1]। अतः किसी एक का विशेष अर्थ निकाल कर व्याख्या करना कहां तक उचित होगा, कहना कठिन है। सामान्य विचार करने पर भी ऐसा लगता है कि पारमितानय में आये—

बुद्धाश्च बोधिसत्त्वाश्च सर्वत्राव्याहतेक्षणाः।
सर्वमेवाग्रतस्तेषां तेषामस्मि पुरः स्थितः॥

(बोधिचर्या० 5.31)

इस वचन के अनुसार इसके आशय को जो अत्यन्त अभिनिवेश पूर्वक धारण करते हैं, उनको क्रियातन्त्र (स्वदेह देवभावना) को विधि में प्रवृत्त करने के लिये इष्टदेव का अपने सम्मुख आह्वान कर पूजा अर्चना की भावना की व्यवस्था करना अनुचित नहीं लगता। दूसरी ओर स्वदेह देवभावना का बिलकुल अभाव भी नहीं स्वीकारा जा सकता, क्योंकि ऐसा मानने से पारमितानय से मन्त्रनय की कोई विशेषता नहीं रह जायेगी, रूप के उपादान कारक का अभाव बना रहेगा, जिससे यहां (क्रियातन्त्र में) फल का मार्गीकरण भी नहीं हो पायेगा। आर्य असंग

1. महामन्त्रक्रम, पृ० 41.

रचित मैत्रेयसाधना, भिक्षुणी श्री विरचित एकदशाननसाधना और चन्द्रगोमी रचित तारासाधना में स्वदेह में देवभावना करने के लिये कहा है। यह सब भी अमान्य हो जायेगा। अतः उपर्युक्त पद्धतियों को देखने से लगता है कि क्रियातन्त्र में स्वदेह में देवभावना करने और न करने की दोनों ही विधियां प्राप्त होती हैं। किसी एक पक्ष को न्यायसंगत ठहराना उचित प्रतीत नहीं होता। विनेय जनों की योग्यता के अनुसार यह भेद हुआ है।

भोट देश में तन्त्रशास्त्र के प्रचार-प्रसार की दृष्टि से पूर्वकालीन शासन में क्रियातन्त्र और चर्यातन्त्र की प्रधानता रही है। व्याख्या और साधनापद्धति भी मुख्य रूप से बुद्धगुह्य का ही अनुकरण करती हैं। उत्तरकालीन शासन में बाह्य और आभ्यन्तर साधना में उभय योगतन्त्रों की प्रधानता रही[1]।

दीपंकर श्रीज्ञान ने बोधिपथप्रदीप की स्ववृत्ति[2] में कहा है कि सभी धारणियां क्रियातन्त्र में संगृहीत होती हैं। अतः यहां यह प्रश्न उठता है कि प्रायः धारणी-संग्रहों में साधनाविधि नहीं होती। उनकी साधना किस विधि से की जाय? इसका समाधान करते हुए सुबाहुपरिपृच्छासूत्र की व्याख्या में बुद्धगुह्य कहते हैं कि सम्पूर्ण क्रियातन्त्र की साधना को प्रवेशचर्या, प्रयोगचर्या, साधना-सिद्धि चर्या और सिद्धिचर्या नामक चार अंगों में संगृहीत कर साधना करनी चाहिये। जिन ग्रन्थों में सम्पूर्ण विधि नहीं बतायी गयी है, वहां गुह्य सामान्य तन्त्र (क्रियातन्त्र), ध्यानोत्तरतन्त्र, सुसिद्धि तन्त्र और सुबाहुपरिपृच्छासूत्र का आधार लेकर चर्या करनी चाहिये। प्रवेशचर्या प्रधान रूप से गुह्यसामान्यतन्त्र में, प्रयोगचर्या ध्यानोत्तरतन्त्र में, साधनासिद्धिचर्या सुसिद्धितन्त्र में तथा चर्याओं के लक्षण, भेद आदि सुबाहुपरिपृच्छा सूत्र में कहे गये हैं।

गुह्यसामान्य तन्त्र, सुसिद्धितन्त्र, सुबाहुपरिपृच्छा सूत्र और ध्यानोत्तरतन्त्र में क्रमशः पूर्व का बृहद् और बाद का लघु ग्रन्थ है। गुह्यसामान्यतन्त्र[3] में अपरिपक्व पात्रों की परिपक्वता हेतु अभिषेक विधि आदि निर्दिष्ट हैं। इसमें तथागत आदि कुलों के एक हजार पांच सौ से भी ज्यादा मण्डलों का निरूपण किया गया है। क्रियातन्त्र के सभी कुलों के मण्डलों के सम्बन्ध में इसमें सूचना मिलती है। इसके अतिरिक्त चर्यातन्त्र, योग और अनुत्तर योगतन्त्र के मण्डल और अभिषेक के पहले दिन सम्पादित किये जाने वाले अधिवास-मण्डलों की विधि भी इसमें प्राप्त होती है।

---

1. गोइलोचाव विरचित इतिहास नीलग्रन्थ, जि० 1, पृ० 429।

2. स्ववृत्ति, पृ० 211, धर्मशाला से प्रकाशित।

3. तो० 806, प० 141-167।

इसमें एक ही सर्ग (परिच्छेद) है। सुसिद्धितन्त्र[1] में गुह्यमन्त्रलक्षणक्रम आदि 38 साधनोपायक्रम संगृहीत हैं। सुबाहुपरिपृच्छा सूत्र[2] में गुह्यसामान्यतन्त्र में अनिर्दिष्ट अभिषेकों की विधि तथा सुसिद्धितन्त्र में अपूर्ण क्रियामन्त्रसाधनाविधि, शान्ति-पुष्टि और रौद्र कर्मों के आधार पर सामान्य और असामान्य सिद्धियों की प्राप्ति की विधियों को स्पष्ट किया है। यह ग्रन्थ 11 परिच्छेदों में विभक्त है। कहा जाता है कि सुबाहु वज्रपाणि हैं, ये एक जीवन के बाद बोधिपद (बुद्धत्व) को प्राप्त करने वाले बोधिसत्त्व हैं। ध्यानोत्तरतन्त्र[3] महाक्रियातन्त्रोष्णीषतन्त्र का एक अंश है, अतः इसे उत्तरतन्त्र कहा है। इसमें क्रियातन्त्र के दस तत्त्व प्रतिपादित हैं। यह ग्रन्थ 53 श्लोकों में बद्ध है।

बुद्धगुह्य और बोधिश्रेष्ठ क्रियातन्त्र के महान् आचार्य माने जाते हैं। बुद्धगुह्य ने ध्यानोत्तरतन्त्र की और सुबाहुपरिपृच्छा सूत्र की सारगर्भित व्याख्या की है और सूत्र के शब्दार्थं की सामान्य रूपरेखा भी लिखी है। बोधिश्रेष्ठ ने सुसिद्धितन्त्र पर उपायोपसंग्रह[4] नामक ग्रन्थ लिखा है। क्रियातन्त्र की ऊपर वर्णित सभी साधनाविधियों को विस्तार से जानने के लिये यह ग्रन्थ परम उपयोगी है।

●

1. तो० 807, पृ० 168–222।
2. तो० 805, पृ० 118–140।
3. तो० 808, पृ० 223–225।
4. तो० 3066, पृ० 120–131।

རྡོ་རྗེ་ལྷ་མོའི་བསྟོད་པ། (༡–༢)

བསྟོད་པ་འདི་ཋཱཀུར་སེན་ནེགིས་བལ་པོ་སྐེར་པ་ཞིག་གི་དཔེ་དེབ་ཕྱོགས་བསྡུས་ནང་ཡོད་པ་དེར། འདྲ་བཤུས་བགྱིས་པ་ལས་རྙེད་པ་ཞིག་ཡིན།།

ཆོས་ཀྱི་གཎྚཱའི་བསྟོད་པ། (༣–༨)

བསྟོད་པ་འདི་ བླ་ཊ་དབུས་བོད་ཀྱི་ཆོས་མཐོའི་སློབ་གྲྭའི་ཞི་འཚོ་དཔེ་མཛོད་ནང་ཡོད་པའི་བསྟོད་པ་ཕྱོགས་བསྡུས་ (སྡིན་ཤོག་ཨང་གྲངས་༢/༥༣༥) ལས་ནང་པའི་བསྟོད་པ་ཕྱོགས་བསྡུས་ཀྱི་ཨང་གྲངས་ ༡༠༦ དང་། གཟུངས་སོགས་ཕྱོགས་བསྡུས་ཨང་གྲངས་ ༣༧༠ གཉིས་ཀར་བཞུགས་ཡོད་པ་ནས་ཟུར་དུ་བཀོལ་བ་ཞིག་ཡིན། ཕྱོགས་བསྡུས་འདི་གཉིས་ཀྱི་སྐོར་དུས་དེབ་དང་པོ་དང་གཉིས་པར་གསལ་བ་བཞིན་མཁྱེན་དགོས། དུས་དེབ་གཉིས་པའི་ཤོག་གྲངས་སུམ་ཅུ་སོ་བཞིར་གསལ་བ་ལྟར་གཟུངས་སྔགས་ཕྱོགས་བསྡུས་ནང་བསྟོད་པ་འདིའི་མཛད་པ་པོ་སྙན་ངག་མཁན་རྨ་བྱ་དང་བསྟོད་པ་ཕྱོགས་བསྡུས་སུ་ནི་ཚུལ་ཁྲིམས་ཕར་ཕྱིན་གྱིས་མཛད་པར་གསལ་ཡོད།།

ཆེས་དཀོན་པའི་དེབ་ཁག་གི་ངོ་སྤྲོད། (༩–༣༠)

དུས་དེབ་སྔ་མ་རྣམས་སུ་ད་བར་ཕྱོགས་བསྡུས་ཆེན་མོ་གཉིས་དང་ཆབས་ཅིག··· གཞུང་ཚན་བཞི་བཅུ་ཞེ་ལྔ་ཙམ་གྱི་ངོ་སྤྲོད་གོང་སྨོས་འགོ་བརྗོད་འོག་བཀོད་པ་བཞིན་········ སྐབས་འདིར་ཡང་ག་ཤམ་གསལ་གཞུང་གྲངས་བཅོ་ལྔའི་ངོ་སྤྲོད་བྱས་ཡོད།

༡ རྡོ་རྗེ་སྒྲོན་མེ་ཞེས་བྱ་བའི་ཀྱི་རྡོར་སྒྲུབ་ཐབས་ཀྱི་མཆན་བུ།
༢ རྣལ་འབྱོར་མ་བཞིས་བསྟན་པའི་རྒྱུད།
༣ འབར་བའི་ཕྲེང་བ་ཞེས་བྱ་བའི་རྡོ་རྗེ་ཕྲེང་བའི་རྒྱུད།
༤ རྣལ་འབྱོར་ཆེན་པོ་གདན་བཞིའི་རྒྱུད།
༥ ནམ་མཁའི་རྣལ་འབྱོར་གྱི་རྒྱུད།
༦ རྫོགས་རིམ་ནམ་མཁའི་རྣལ་འབྱོར་གྱི་རྒྱུད།
༧ ཀུ་རུ་ཀུལླེའི་རྟོག་པ།

༨ (ཀ) འཁོར་ལོ་སྡོམ་པའི་དམ་ཚིག   ལུའི་པས་མཛད་པ།

(ཁ) བདུད་རྩིའི་འོད་ཅེས་བྱ་བའི་སྒྲུབ་ཐབས།

(ག) ཀྲྀ་ཀུ་ལུ་ལའི་སྒྲུབ་ཐབས།

(ང) ཨརཔཙནའི་སྒྲུབ་ཐབས།

༩ རྡོ་རྗེ་སེམས་དཔའ་བདེ་བཞིན་གཤེགས་པའི་སྐུ་ཞེས་བྱ་བ།

༡༠ སྒྲོལ་མའི་རྟོག་པ།

༡༡ འཁོར་ལོ་སྡོམ་པའི་རྣལ་འབྱོར།

༡༢ རྣལ་འབྱོར་མ་སྒྱུ་འཕྲུལ་འདྲ་བ་ཆེན་མོའི་རྒྱུད།

༡༣ བཛྲསདབཔརཱིཀ།

༡༤ ཡོགིཤབར་པ་རཱིཀ།

༡༥ རྟོག་པའི་རྒྱུད་ཀྱི་རྒྱལ་པོ་ཆེན་པོ།

༡༦ ཤེས་རབ་རྡོ་རྗེ་འཇུག་པ་ཞེས་བྱ་བའི་རྣལ་འབྱོར།

ནང་པའི་གསུང་རབ་ཉམས་པ་ཁག་ཕྱོགས་བསྡུས། (༣༡–༦༣)

འགོ་བརྗོད་འདིའི་འོག་དུས་རབ་སྔ་མ་རྣམས་སུ་གཞུང་དང་གཞུང་གི་མཛད་པ་པོའི་མཚན་གྱིས་དྲངས་པའི་ལུང་རྣམས་གལ་ཆེའི་མཆན་བུ་དང་ཆབས་ཅིག་བཀོད་ཡོད། དུས་རབ་དྲུག་པར་ཟླ་བ་གྲགས་པས་མཛད་པའི་གསང་འདུས་ཀྱི་འགྲེལ་བ་སྒྲོན་གསལ་ནང་དྲངས་པའི་ལུང་རྣམས་ཕྱོགས་བསྡུས་བགྱིས་ནས་བཀོད་པ་བཞིན་སྐབས་འདིར་ཡང་དུས་····འཁོར་བསྡུས་རྒྱུད་ཀྱི་འགྲེལ་བ་དྲི་མེད་འོད་ནང་བྱུང་བའི་ལུང་རྣམས་གཙོ་བོར་ཕྱོགས····· བསྡུས་བྱས་ཡོད། གཙོ་བོ་རྩ་རྒྱུད་ལེའུ་དང་པོ་ནང་དྲངས་པ་རྣམས་འདིར་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་ཡོད། དཔང་མདོར་བསྟན་གྱི་འགྲེལ་བར་དྲངས་པའི་ལུང་རྣམས་དུས་རབ་དང་པོར་བཀོད་ཡོད། འོན་ཀྱང་སྐབས་དེར་རྩ་རྒྱུད་ཀྱི་ལུང་རྣམས་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་མེད། འདིར་དེ་རྣམས་ཀྱང་བླངས་ཡོད། རྩ་རྒྱུད་ཀྱི་ལུང་ [ཤོག་གྲངས་ ༩-༡༣ བར་] ཚིག་ལྷུགས་ཀྱི་ཚུལ་དུ་ཡོད་པ་རྣམས་ཀྱང་འདིར་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་ཡོད།།

ནང་པའི་ཐུན་མིན་ཆོས་ཚིག་ཁག་གི་དགོངས་པ། (༥༥–༦༠)

འཆར་གཞི་འདིའི་ངོ་བོའི་སྐོར་དུས་རིམ་དང་པོར་གསལ་བཤད་བྱས་ཡོད། དུས་རིམ་དང་པོ་གཉིས་ལ་གཙོ་བོ་དབང་མདོར་བསྟན་གྱི་འགྲེལ་བ་དང་གཉིས་མེད་རྡོ་རྗེ··· བསྡུས་པ་གཉིས་སུ་ཡོད་པའི་ཐུན་མིན་ཆོས་ཚིག་གི་བཤད་པ་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་ཡོད། དུས་རིམ་གསུམ་པར་སྒྲུབ་ཐབས་ཕྲེང་བ་དང་། དེ་ཁོ་ན་ཉིད་ཡེ་ཤེས་གྲུབ་པའི་འགྲེལ་བ་དང་། དུས་རིམ་བཞི་པར་གསང་བ་གྲུབ་པ་སོགས་གྲུབ་པ་སྡེ་བརྒྱད་ཀྱི་ཐུན་མིན་ཚོས་ཚིག་ཁག···· དང་། ལྡུ་པར་ཀྱི་རྫོར་དང་དེའི་འགྲེལ་བ་རྣལ་འབྱོར་རིན་ཆེན་ཕྲེང་བ་དང་། དྲུག་པར་བློ་བས་མཛད་པའི་གསང་འདུས་སྒྲོན་གསལ་དུ་གསལ་བའི་ཐུན་མིན་ཆོས་ཚིག་ཁག་གི···· དགོངས་པ་རྣམས་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་ཡོད། སྐབས་འདིར་དུས་འཁོར་བསྡུས་རྒྱུད་དང་། དེའི་འགྲེལ་བ་དྲི་མེད་འོད་ནང་བྱུང་བའི་ཆོས་ཚིག་རྣམས་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་ཡོད།།

དབང་པོའི་དབྱེ་བ་དང་བཤད་པ། (༦༡–༦༦)

ནང་པའི་རྩོམ་རིག་གི་ནང་དབང་པོ་ཞེས་པའི་ཚིག་གི་གོ་དོན་གང་ཡིན་དང་། འདི་ཉིད་ལྷ་དབང་ཞེས་པའི་དབང་པོ་དང་འབྲེལ་བ་ཇི་ཡོད། དབང་པོའི་གྲངས་དང་། དེ་བཞིན་དབང་པོ་རྣམས་ཀྱི་ནང་ནས་གཙོ་བོ་གང་ཡིན་དང་། དབང་པོའི་མཚན་ཉིད་ལ···· སོགས་པ་གཞུང་སྣ་ཚོགས་ནས་ཕྱོགས་བསྡུས་བྱས་ཏེ་རྩོམ་ཤོག་འདིའི་ནང་བསྟན་ཡོད······ ཅིང་། དེ་དང་ཕྱོགས་མཚུངས་ཕྱི་རོལ་པའི་བསྟན་བཅོས་ཁག་ནང་བཤད་པ་ཇི་ལྟར་བྱས་ཚུལ་ཡང་ཕྱོགས་ཙམ་བསྟན་ཡོད།།

ནང་པའི་གཞུང་དུ་བཅོམ་ལྡན་ཞེས་པའི་ཚིག་གི་བཤད་པ། (༦༧–༧༠)

ལེགས་སྦྱར་གྱི་སྐད་དུ་བྷགབན་དང་། པཱལིའི་སྐད་དུ་བྷགཝཱ་ཞེས་པའི་ཚིག་སངས་རྒྱས་ཀྱི་ཁྱད་ཆོས་ཀྱི་ཚུལ་དུ་མང་དག་ཅིག་བེད་སྤྱོད་བྱེད་ཅིང་ནང་པའི་གཞུང་དུ······ ཚིག་འདིའི་དོན་གང་གང་ལ་འཇུག་པ་དང་། དེའི་ངེས་ཚིག་གང་ཡིན་རྣམས་གཞུང་སྣ་ཚོགས་ནས་བསྡུས་ཏེ་རྩོམ་ཤོག་འདིར་བཀོད་ཡོད།།

ཕྱག་རྒྱའི་སྐོར། (༧༡–༨༣)

དུས་རབ་དང་པོའི་ཤོག་གྲངས་ (༡༡༣–༡༡༤) བར་གཞུང་སྔ་ཚོགས་ནས་བཤད་པའི་ཕྱག་རྒྱ་ ༡༡༣ སྐོར་དང་། དུས་རབ་གསུམ་པར་ཕྱག་རྒྱ་ ༨༨ ཀྱི་མཚན་ཉིད་བཀོད་ཡོད། སྐབས་འདིར་འཇམ་དཔལ་རྩ་རྒྱུད་དང་། དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ཐམས་ཅད་ཀྱི་དེ་ཁོ་ན་ཉིད་བསྡུས་པར་གསལ་བའི་ཕྱག་རྒྱ་ ༧༤ མཚན་ཉིད་རྣམས་བཀོད་ཡོད།།

ཡེ་ཤེས་ལྷའི་སྐོར། (༨༤–༩༠)

ཐེག་ཆེན་གྱི་གཞུང་དང་རྒྱུད་སྡེ་རྣམས་སུ་བྱུང་བའི་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ལྔ······ དང་། དེ་དག་ཉེ་བར་མཚོན་པའི་ཕྱག་རྒྱ། ཁ་དོག ཕུང་པོ། ཡེ་ཤེས། ལྷ་མོ་དང་མཚན་རྟགས་སོགས་ཀྱི་སྐོར་རྒྱས་པར་གསལ་དེ། རྩོམ་ཤོག་འདིར་གཙོ་བོ་སྟོན་གྱུ་བྱུང་བའི་ལྷ་ཕྱོགས་དང་མཐུན་པར་དེ་བཞིན་གཤེགས་པ་ལྔའི་ཡེ་ཤེས་ཀྱི་ངོ་བོ་དང་མཚན་ཉིད་སྐོར་གསལ་བཤད་བྱས་ཡོད།།

དུས་འཁོར་གྱི་ཚོགས་བཅད་ཕྱེད་མའི་ཀ་མད་རིམ་པ། (༩༡–༡༡༣)

དུས་རབ་སྔ་མ་རྣམས་སུ་ཉམས་ཞིབ་པ་རྣམས་ལ་ཚོགས་བཅད་བཙལ་བདེ་བའི་སླད་དུ་དབང་མདོར་བསྟན་གྱི་འགྲེལ་བ་དང་། གཉིས་མེད་རྡོ་རྗེའི་ཕྱོགས་བདུས་དང་། སྒྲུབ་ཐབས་ཕྲེང་བ་སོགས་ཀྱི་ཁ་སྐོང་རྣམས་དཔར་བསྐྲུན་བྱས་ཡོད། དུས་རབ་དྲུག་པར་བླ་མེད་དགོངས་པའམ་རྣམ་དག་རིམ་པ་དང་། སྣང་བའི་ཕྲེང་བ་དང་། བསྟོད་པ་བཞི་པ་དང་། སེམས་ཀྱི་སྒྲིབ་པ་རྣམ་པར་སྦྱོང་བ་དང་། རིམ་ལྔ་བཅས་གཞུང་ཆེན་ལྔ་པོའི་ཚོགས་བཅད་ཡང་རིམ་སོགས་ཁ་སྐོང་དུ་བཀོད་དགོས་ངེས་རྣམས་བཀོད་དེ་གཞུང་དང་། མཛད་པ་པོའི་ལོ་རྒྱུས་དང་། གཞུང་དེ་དག་གི་སྐོར་བཅས་ངོ་སྤྲོད་གསལ་བཤད་བྱེད་རྒྱུའི་འབད་རྩོལ་བྱས་ཡོད། ལམ་སྲོལ་འདི་ཉིད་ཀྱི་ཐོག་ནས་དུས་རབ་འདིར་དུས་ཀྱི་འཁོར་ལོའི་རྒྱུད་ཀྱི་ཚོགས་བཅད་རྣམས་ཀྱི་ཚིག་རྐང་དང་པོ་དང་། གསུམ་པ་བཅས་ཀྱི་ཀ་མད་རིམ་པ་རྣམས་བཀོད་ཡོད།།

དཔེ་དེབ་དཀོན་རིགས་ཁག་གི་རྩ་བའི་མ་དཔེ། (༡༣༣–༡༤༣)

འགོ་བརྗོད་འདི་དང་འབྲེལ་བའི་ད་བར་གྱི་དུས་དེབ་དྲུག་ནང་གལ་གནད་ཆེ..... བའི་ལག་བྲིས་མ་དཔེ་བརྒྱ་དང་བདུན་ཅུ་ཙམ་གྱི་སྐོར་ངོ་སྤྲོད་བྱས་ཡོད། དེ་དང་ཕྱོགས.... མཚུངས་སྐབས་འདིར་གལ་གནད་ཆེ་བའི་གཞུང་གྲངས་ལྔ་བཅུ་ང་ལྔ་ཙམ་གྱི་སྐོར་གསལ་བཤད་བྱས་ཡོད།།

ན་རོ་ཆོས་དྲུག་ལས་དང་པོ་གཏུམ་མོའི་སྒྲུབ་ཐབས། (༡༤༤–༡༥༡)

སྐུ་གསུམ་ (རྡོ་རྗེ་འཆང་) གྱི་བདག་ཉིད་ཅན་སངས་རྒྱས་ཀྱི་གོ་འཕང་མྱུར་དུ་ཐོབ་པར་འདོད་པའི་སྒྲུབ་པ་པོ་རྣམས་ལ། ན་རོ་ཆོས་དྲུག་གི་ཉམས་ལེན་གལ་ཆེ་བས..... རྣམ་ཤོག་འདིར་ན་རོ་ཆོས་དྲུག་གི་ནང་ཚན་གཏུམ་མོའི་སྐོར་གསལ་བཤད་བྱས་ཡོད། གཏུམ་མོ་ལ་བརྟེན་ནས་མི་སྐྱེ་བའི་ཕྱག་རྒྱ་ཆེན་པོ་རྟོགས་ནས། འདོད་པ་དང་། མ་རིག་པ་ལས་གྲོལ་ནས། འཁོར་བའི་རྩ་མདུད་ཐམས་ཅད་གྲོལ་ནས་ཤེས་རབ་ཀྱི་རྩའི་ངོ་བོ་དང་ཟག་བཅས་ཀྱི་ཐིག་ལེ་རྣམས་ཟག་མེད་བདེ་བ་ཆེན་པོའི་ཐིག་ལེར་གྱུར་ནས་ཟུང་འཇུག་འཇའ...... ལུས་ཆེན་པོར་གྲོལ་ནས་སོ།།

རྒྱུད་ཀྱི་ངོ་བོ་དང་ནང་གསེས་ཀྱི་དབྱེ་བ། (༡༥༣–༡༦༨)

དུས་དེབ་དྲུག་པར་རྒྱུད་སྡེ་སྤྱིའི་སྒྲུབ་ཐབས་དང་། རིགས་ཀྱི་སྐོར་གསལ་བཤད་བྱས་ཡོད། འགོ་བརྗོད་འདི་འོག་འདི་ནས་བཟུང་རྒྱུད་སྡེ་སོ་སོའི་སྒྲུབ་ཐབས་སྐོར་རྒྱས་པར་བསམ་ཞིབ་བྱེད་རྒྱུ་ཡིན་པས་རིམ་པ་འདིར་བྱ་རྒྱུད་ཀྱི་ངོ་བོ། གཞུང་གི་ངེས་འཛིན་རིགས་ཀྱི་དབྱེ་བ་དང་། སྒྲུབ་ཐབས་ཀྱི་སྐོར་བཅས་གསལ་བཤད་བྱས་ཡོད། བྱ་རྒྱུད་ཀྱི་སྒྲུབ་ཐབས་ལ་འཇུག་པའི་སྤྱོད་པ་དང་། རྣལ་འབྱོར་གྱི་སྤྱོད་པ་དང་། དངོས་གྲུབ་ཀྱི་སྤྱོད་པ་ཞེས་པའི་དབྱེ་བ་བཞིའི་སྒོ་ནས་གསལ་བཤད་དང་འབྲེལ། བྱ་རྒྱུད་ཀྱི་ས་ལམ་གྱི་ངོས་འཛིན་ཡང་མདོར་བསྡུས་ཙམ་བཀོད་ཡོད།།

ABSTRACT OF THE ARTICLES

This Stotra has been obtained from Dr T. S. Negi who copied it from a ms. in a private collection in Nepal.

The hymn occurs in the *Bauddhastotra* Saṅgraḥ, photostat no. 2/535, hymn no. 106 and the Dhāriṇyādi saṅgraḥ, folio 370 preserved in the Śāntarakṣita Library. The above hymnal collections have been detailed in the *Dhīḥ* Review, vols 1-2. The Dharmagaṇḍī-Stavaḥ has been ascribed to kavi Mayūra in the *Dh.S.* while the *St. S.* dubs it is a composition of the śīla-pāramitā Text.

In the class of rare texts besides two copious collections of work 45 rare texts have been acknowledged in the foregoing issues of the *Review*. The present number introduces vols 46-60, as :

46. *Vajrapradīpā nāma Hevajrasādhana Ṭippaṇī*
47. *Caturyoginīnirdeśa Tantra*
48. Jvālāvali Vajramālā Tantra
49. Catuṣpīṭha-mahāyoginī Tantra
50. Yogāmbara Tantra
51. Niṣpanna Yogāmbara Tāntra
52. Kurukullā-Kalpa
    - a. Cakrasaṁvarābhisamaya (Mahāyogaeśvara Luipāda)
    - b. amṛtaprabhānāma cakra Sādhanopāyikā (Dombīvajrapāda)
    - c. Kurukullā-Sādhana
    - d. Arapacana-Sādhana
53. Vajrasattva-Tathāgata-Kāya
54. Tārākalpa
55. Cakrasaṁvara-prayoga

56. Vajrasatva-parājikā
57. Lokeśvara-pārājikā
58. Yoginījāla Mahātantra
59. Kalparāja Mahātantra
60. Prajñāvajrāvatāraṇa yoga

Lost Buddhist Discourses 31-43

The *Review* brought about notices of several works, and hitherto, untraced discourses ensconsed in them with essential comments in its previous issues. In the sixth issue were incorporeted discourses from the *Pradīpodyotana Commentary* of Candrakīrti on the *Guhyasamāja Tantra.*

The present issue has mainly discourses from the *Vimalaprabhā, a Tīkā of Laghu-Kālacakra Tantra.*

The more important are discourses of the first part of the original Tantra in print. The discourses on *Mūlatantra* text are also found in the *Sekoddeśa-tīka.* Such discourses as of this Commentary are given in the *Dhīh* (Vol. I), but in that context discourses from the *Mūlatantra* could not be incorporated. The present issue takes notice of such compositions. Discourses in prose from the Mūlatantra are also instanced on pp. 9-13 of this journal.

Meaning of Buddhist Technical Terms 44-60

The significance of this title was specified in the first issue of the *Review*. Glossarial notes from the *Sekoddeśa* *tīkā* and the *Advayavajra Saṁgraḥ* were inserted in the first two issues of the journal. Interpretative glossarial matter was culled from the *Sādhanamālā, Tattvajñāna-samsidhi-Ṭīkā,* dohākośa-vyākhyā and Caryāgīti-Kośa-Vyākhyā in the third issue, from the Guhyādi-Aṣṭasiddhi Saṁgrah in the fourth; from the *Hevajra-Tantra* and its Commentary *Yogaratna-mālā* in the fifth issue and from the *Pradīpodyotana-Vyākhyā* of Guhyasamāja-Tantra by Candrakīrti. The same class of information is projected in the present issue from the *Kalacakra Tantra.* and its commentary, the Vimalaprabhā (the Immaculate Light).

Indriya : *Classification* and *Definition* 61–66

The definition of the term *Indriya* and its derivation from Indra are contemplated. The number of Indriyas (Sensory organs), the organs of greater impor-

tance, their characteristics and such matter is discussed in classification and defini tion of the Indriyas, as known to many different texts on the subject. In this context non Buddhist works have also been consulted.

Bhagvān in Buddhist Texts 67–70

The appellative *Bhagavān* has been copiously used for the Buddha in Sanskrit, its pāli substitute being *Bhagavā*. Under the present head the term in various shades of meaning and derivatives of each one of these has been delincated relying upon authentic texts.

Mudrā 7I-83

The term Mudrā discussed in Vol. 1 of *Dhīḥ* (V. V. pp. 112-115) specified 122 characteristics or marks of mudrā (the posture). In vol 3, 88 marks of Mudrā are given. In the same order 75 marks of Mudrā are enumerated in the present issue as taken from the Mañjuśrī-Mūla-Kalpa (second impression, Mithila Vidyāpītha, Darbhangā) and the *Sarva-Tathāgata Tattvasaṁgrah* (edited by Lokesh Chandra and published by MLB publishers).

Concept of Five Tathāgats 84–90

The Buddhist esoteric lore and the Mahāyāna treatises are replete with conceptualisation of the five Buddhas (the Tathāgatās). In this context they describe their corresponding postures, colours, Skandhās, the wisdom, consorts, symbols and the like by which they are distinguished for their effulgence.

The concept of five Tathāgatās has been Illustrated in the above aspects in a historical perspective, in the present title.

The Half-Verse Index from the kālacakra-Tatnra 91–122

Indices of the *Sekoddeśa ṭīkā*, *Advayavajra-Saṁgrah*, Sādhanamālā and such other works have been published for the convenience of the research. In the sixth issue of the *Review* were published indices of five texts. viz. the *Anuttara Sandhi*, *Ālokamālā*, *Catuhstava*, *Cittavisuddhi Prakaraṇa* and *Pancakrama*, while doing so the history of these works and their authors also came into relief. The same method has also been resorted to bring out the half-verse index of the Kālacakra Tantra in this volume.

Basic Material of the Rare Texts 123-143

The basic or resource material of 170 important Buddhist esoteric works, in mss. have been specified in six previous issues of the *Review*. Presently, we publish information regarding 55 other significant mss., summing up their source value.

Description of First Caṇḍālī Practice Traceable inthe Yoga of the six principles of Nāḍapāda 144-151

The six Principles of Yoga or occult practices in the system of Naropā (Nāḍapāda Gtum-mo, Sgyu-lūs; Rmi-lam, Höd-gsal; Bardo and pho-va) are meant for visualising the physical Body as being vacuous which leads ultimately to the attainment of the Trikāya perceptivity of the Tathāgata.

We discuss here the first of these principles known as the *caṇḍālī yoga*. Preliminary exercises of this yoga leading to visualising of the psychic nerve-system as being vacuous, disciplines the psychic nerve-paths, confers the 'Gift-waves, upon the psychic nerve-centres and vouchsafes the 'Gift-waves' to lead to the conversion of the physical nerve into the mystic at-one-ment (state of Non-Cognition). This is the yoga of accomplishing the *Pūrṇa Buddha*.

The Tantricism and its Esoteric Methods 152-168

The sixth issue of the *Review* specified general outline of esoteric methods. Currently, these methods are described in detail.

We are taking up in this issue the nature of the Kriyā-Tantra, its rise, Kulas the method and the practice, delving them into the four kinds of *Caryās* 1.Pravesa-Caryā, 2. Yoga-Caryā, 3. Sādhana-Caryā and Siddhi-Caryā. In the order of the Kriyā Tantra, its five bhūmis have been briefly specified.

•